मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष-6, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-07 , अंक - 183 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2021-23

भोपाल

18 दिसंबर 2023 सोमवार

**आज का मौसम**

22 अधिकतम

10 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो





**मुख्यमंत्री यादव ने ली पहली शपथ :** *आज सत्र की शुरूआत में प्रोटेम स्पीकर भार्गव ने विधानसभा के नवनिर्वाचित सदस्य एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को सबसे पहले पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। उनके बाद कांग्रेस विधायक दल के नेता उमंग सिंघार ने शपथ ली।आज पक्ष विपक्ष के अनेक वरिष्ठ विधायकों ने शपथ ली है।*









**कुछ खास भी:** विधानसभा में आसंदी के पास लगी तस्वीरों में एक बड़ा बदलाव देखने को मिला है। यहां पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की तस्वीर की जगह डा. भीमराव आंबेडकर की तस्वीर लगाई गई।

## विधायकों ने ली शपथ, कुछ पांच साल बाद लौटे, कई महीनों बाद मिले और कुछ चेहरे अब नदारद

# नया नजारा.. मप्र विधानसभा सत्र की शुरुआत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

मप्र विधानसभा का सत्र आज शुरू हो गया। पहले दिन सोलहवीं विस के लिये हाल में निर्वाचित सभी विधायकों की शपथ का सिलसिला चल रहा है।यह सत्र चार दिवसीय है तथा पहले दो दिन निर्वाचित सदस्यों को सामयिक अध्यक्ष गोपाल भार्गव शपथ दिलाएंगे। फिर बुधवार को विस अध्यक्ष का चुनाव होगा। भाजपा की तरफ से नरेंद्र सिंह तोमर का नाम इस पद के लिये तय किया गया है। विधानसभा में दलीय स्थिति को देखते हुए माना जा रहा है कि यह चुनाव निर्विरोध ही होगा। इस सत्र में संभावना यह भी है कि सरकार वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए द्वितीय अनुपूरक बजट प्रस्तुत करेगी।



## अब शिवराज का आया दिल्ली-बुलावा

*पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को दिल्ली में हाइकमान ने बुलाया है। शिवराज मतदान निपटने के बाद भी दिल्ली नहीं गये और नतीजे आने के बाद से भी यहीं हैं। माना जा रहा है कि मंत्रिमंडल में चेहरों को शामिल करने के मामले में चल रहे मंथन में उ;नके विचार भी लिये जा सकते हैं और शिवराज को हाइकमान नये काम भी सौंप सकता हैं। डा मोहन यादव को मुख्यमंत्री बनाए जाने के बाद से शिवराज की केंद्र में किसी भूमिका की अटकलें हैं। आज शाम पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा उनसे बात करेंगे। वे पहले भी कह चुके हैं कि शिवराज व वसूंधरा राजे की भूमिका तय होगी।*

## दिल्ली मंथन में निकले बीस नाम

**उधर** देर रात तक मप्रकी यादव कैबिनेट में शामिल किये जाने वाले चेहरों को लेकर दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के आवास पर मंथन हुआ। इसमें मुख्यमंत्री समेत कई नेथा शामिल हुए। इस मौके पर गृहमंत्री अमित शाह भी मौजूद थे। जानकारों का कहना है कि अब कैबिनेट में नई पीढ़ी की झलक साफ देखने को मिलेगी। इसमें पहली बार के विधायकों को भी शामिल किया जा सकता है। यह क्षेत्रवार संतुलन के तहत जरूरी माना जा रहा है। देर रात तक करीब 18 नामों को लेकर सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों के बीच सहमति बन गई है। लेकिन अभी कम से कम दस और नाम तय होना बाकी हैं। लिहाजा यह भी संभावना है कि मंत्रिमंडल विस्तार दो चरणों में होगा। बैठक में इस बात पर भी मंथन हुआ कि 29 लोकसभा क्षेत्रों को प्रतिनिधित्व मिले। भोपाल में भी इस बार मंत्री चेहरों में परिवर्तन तय माना जा रहा है। कृष्णा गौर व विष्णु खत्री इस दौड़ में आगे हैं। वहीं सीनियर विधाकयों को कैबिनेट में किस तरह एडजस्ट किया जाए यह भी माथापच्ची हुई है। उनके अनुभव को सरकार के लिये कैसे काम में लिया जाएगा, यह पूरी तरह तय नही हुआ है। यदि सीनियर को मंत्री बनाया जाता है तो गोपाल भार्गव,कैलाश विजयवर्गीय, राकेश सिंह, प्रहलाद पटेल जैसे नाम हैं। सांसद पद छोडकर विधाकय बने उदयप्रताप सिंह व रीति पाठक भी इस फेहरिस्त में हैं। इसीलिये बैठक में ज्योतिरादित्य सिंधिया, प्रहलाद पटेल, नरेंद्र सिंह तोमर, कैलाश विजयवर्गीय सहित अन्य वरिष्ठ नेता भी बुलाए गए। बैठक के लिये दिल्ली में मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा और प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद मंत्रीमंडल की सूची लेकर दिल्ली पहुंचे थे। आज शाम को राज्यपाल भी भोपाल लौट रहे हैं वे तीन दिन से बाहर थे।

## मुबंई में पतारसी की कोशिश में पुलिस

# दाऊद को जहर दिया, कराची में भर्ती, पाकिस्तान में इंटरनेट बंद

**कराची, एजेंसी।**

पाकिस्तान में छिपे अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम की हालत नाजुक बताई जा रही है। दाऊद को जहर देने की खबर के बाद पाकिस्तान में हड़कंप मचा हुआ है। सोशल मीडिया पर भी यह दावा किया गया है कि दाऊद को कराची के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस बीच पूरे पाकिस्तान में इंटरनेट बंद किए जाने की भी खबरें हैं। दावा है कि दाऊद इब्राहिम के स्वास्थ्य से जुड़ी खबर को छुपाने के लिए इंटरनेट बंद किया गया है,इधर मुंबई पुलिस भी सतर्क हो गई है और वह दाऊद के रिश्तेदारों से सच्चाई पता करने की कोशिश में हैं।

पाक में इंटरनेट बाधित करने पर पाक सरकार से जुड़े कुछ लोगों का कहना है कि पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की वर्चुअल रैली के चलते सरकार ने इंटरनेट ठप किया है। मगर अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम को हालत बेहद नाजुक बताई जा रही है। वह कराची के अस्पताल में भर्ती है। उसे किसी अनजान व्यक्ति ने जहरीला पदार्थ दिया था और इसके बाद से ही हालत नाजुक है। दरअसल पहले भी कई बार यह सामने आया है कि दाऊद कई गंभीर बीमारियों से जूझ रहा है। फिलहाल वह जिस अस्पताल में भर्ती है, उस अस्पताल में बेहद कड़ी सुरक्षा है और जिस फ्लोर पर दाऊद को रखा गया है, उस फ्लोर पर किसी अन्य मरीज को नहीं रखा गया है। भारत में उनके रिश्तेदारों अली शाह पारकर और साजिद वागले से मुबंई पुलिस भी सही जानकारी हासिल करने की कोशिश कर रही है।



## सही ट्रेनिंग का अभाव या लापरवाही?

# सड़क हादसों में मौतों पर दो सरकारी एजेंसियों के अलग अलग आंकड़े

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

सरकार की दो एजेंसियों ने हाल ही में देश में सड़क हादसों में मरने वालों के आंकड़े अलग अलग जारी करके भ्रम पैदा कर दिया है। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो और सड़क परिवहन मंत्रालय ने हाल ही में अपने आंकड़े जारी किए, जिनमें साल 2022 में सड़क हादसों में मरने वालों के आंकड़ों में बड़ा अंतर है। दोनों एजेंसियों का डाटा की तुलना करने पर सामने आया है। दरअसल सड़क परिवहन मंत्रालय कह रहा है कि 2022 में वाहनों की टक्कर से पैदल जा रहे 32,825 लोगों की जान गई। जबकि एनसीआरबी द्वारा जारी आंकड़ों से यह 32 फीसदी ज्यादा है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, ट्रक हादसे में मरने वालों के डाटा में तो यह अंतर बढ़कर 42 फीसदी हो जाता है। इससे डाटा कलेक्शन सिस्टम को बेहतर करने की जरूरत मांग उठ रही है। विशेषज्ञों का कहना है कि यह गड़बड़ी तब तक जारी रहेगी, जब तक डाटा इकट्ठा करने वाले लोगों की सही ट्रेनिंग नहीं होगी। मसलन पैदल लोगों की वाहन टक्कर से मौतों का रिकॉर्ड दर्ज करने में अनियमितता होती है वहीं एनसीआरबी सीसीटीएनएस डाटा के साथ ही सड़क हादसों को रिकॉर्ड करने के लिए अलग प्रक्रिया अपनाता है।

### ऐसे रहे साल 2022 के आंकड़े

2022 में दोपहिया वाहनों से मरने वालों का आंकड़ा सड़क परिवहन मंत्रालय के अनुसार 74,897 है, वहीं एनसीआरबी की रिपोर्ट के अनुसार, यह आंकड़ा 77,876 है। पैदल चल रहे लोगों का वाहनों की टक्कर से मरने वालों का आंकड़ा मंत्रालय के अनुसार 32,825 है, वहीं एनसीआरबी के अनुसार यह 24,742 है। कार और हल्के मोटर वाहनों के हादसों में मरने वालों की संख्या मंत्रालय के अनुसार 21,040 है तो एनसीआरबी के अनुसार 24,086 है। इस तरह मंत्रालय के अनुसार, कुल सड़क हादसे में साल 2022 में 1,68,491 लोग मारे गए। वहीं एनसीआरबी के अनुसार यह आंकड़ा 1,71,100 रहा।




## मप्र में कड़ाके की सर्दी कश्मीर में बर्फ,तमिलनाडू जलमग्न

**नई दिल्ली ।** इस वक्त देश के अलग-अलग राज्यों में मौसम में बड़े बदलाव के कारण जनजीवन प्रभावित हो रहा है। कश्मीर में कड़ाके की सर्दी है और वह बर्फ की सफेद चादर से ढंक गया है। कई पर्यटन स्थलों की सड़कें बंद हैं। जबकि तमिलनाडु के कई जिलों में भारी बारिश का दौर जारी है और इस कारण जलभराव की स्थिति से लोग परेशान हैं। थूथुकुडी, तिरुनेलवेली, कन्याकुमारी, और तेनकाशी जिलों में भारी बारिश के कारण स्कूल बंद है।उत्तरी तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल में आज भी भारी बारिश हो सकती है। इसे लेकर अलर्ट जारी किया है। इधर मैदानी इलाकों में तेज ठंड का दौर है। उप्र व मप्र में तापमान में गिरावट का दौर है। दिन का तापमान भी अब कम होने से सर्दी का अहसास हो रहा है। हालांकि इस सप्ताह के आखिरीदिनी में मप्र के कुछ इलाकों में बादल व बूंदाबंदी की भी संभावना बन रही है।

## 1 जनवरी से बंद हो जाएंगे ऑनलाइन पेमेंट

**नई दिल्ली ।** नेशनल पेमेंट कारपोरेशन ऑफ इंडिया ने इनएक्टिव यूपीआई आईडी को ब्लॉक करने के निर्देश दे दिए हैं। मतलब अगर किसी ने एक साल या उससे ज्यादा वक्त से यूपीआई आईडी से ऑनलाइन लेनदेन नहीं किया है त तो उनकी यूपीआई आईडी को 31 दिसंबर से ब्लॉक कर दिया जाएगा। दरअसल गूगल पे, फोनपे और पेटीएम जैसे प्लेटफॉर्म ऑनलाइन पैसे भेजने के लिए यूपीआई आईडी का इस्तेमाल करते हैं, जो मोबाइल नंबर से लिंक रहता है। कई बार एक मोबाइल नंबर से कई सारे यूपीआई आईडी लिंक रहती हैं, जिन्हें लंबे वक्त तक इस्तेमाल नहीं किया जाता है।

**आज का कार्टून**




**मेट्रो एंकर**

## नंबर टू बताने वाले सियासी संदेश का फार्मूला परवान पर....

# पूरे 24... देश में अब सबसे ज्यादा डिप्टी सीएम!

**नई दिल्ली/भोपाल**

हाल में पांच राज्यों में विधानसभा के चुनाव हुए और इनमें चार में बनीं सरकारों में 7 डिप्टी चीफ मिनिस्टर बने हैं। मप्र में दो उपमुख्यमंत्री हैं। यानि अब देश के 14 राज्यों में कुल 24 डिप्टी सीएम हैं। यह भारत के सियासी इतिहास में अब तक किसी एक समय में उप मुख्यमंत्रियों की सबसे बड़ी संख्या मानी जा रही है। दिलचस्प यह है कि डिप्टी सीएम को लेकर नियम प्रक्रिया में कोई जिक्र नहीं हैं यह भी किसी राज्य सरकार में कैबिनेट मंत्री के ही बराबर होता है लेकिन पद का मतलब है कि वह शख्स मुख्यमंत्री के बाद दूसरे नंबर पर है। यही सियासी संकेत महत्वपूर्ण होता है। हालांकि डिप्टी सीएम वाले प्रयोग की मजबूरियां या इसकी रणनीति की राज्य की जरूरतों के मुताबिक होती हैं। आंध्र प्रदेश में अब सबसे ज्यादा डिप्टी चीफ मिनिस्टर हैं। 5 प्रमुख समुदायों- अल्पसंख्यक, ओबीसी, एससी, एसटी और कापू से एक एक नेता को यह पद मिला है। दरअसल किसी भी राज्य में गठबंधन सरकारों में यह फार्मला कारगर माना जाता है। जब दो पार्टियां हाथ मिलाकर सरकार बनाती हैं तो दोनों में से किसी एक के ही खाते में मुख्यमंत्री की कुर्सी आएगी।

### जातिगत संतुलन साधने की फिक्र

हालिया विधानसभा चुनावों के बाद भाजपा और कांग्रेस ने भी ऐसी ही रणनीति अपनाई। भाजपा ने मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में 2-2 उप मुख्यमंत्री बनोये। मप्र में एक ब्राह्मण और दूसरा एससी समुदाय से डिप्टी सीएम चेहरा है। जबकि मुख्यमंत्री ओबीसी समुदाय से हैं। इसी तरह राजस्थान में भाजपा ने मुख्यमंत्री ब्राह्मण को बनाया और उप मुख्यमंत्री राजपूत और दलित समुदाय से। छत्तीसगढ़ में भाजपा ने आ दिवासी को सीएम बनाया और साथ में ओबीसी और ब्राह्मण समुदाय से एक-एक उप मुख्यमंत्री।

मध्यप्रदेश | राजस्थान | छत्तीसगढ़



### गुटबाजी खत्म होती है ?

कर्नाटक में जीत के बाद कांग्रेस हाईकमान के सामने सबसे बड़ी चुनौती दो वरिष्ठ नेताओं सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार के बीच संतुलन साधने की थी। दोनों ने मुख्यमंत्री पद पर दावा ठोका था पार्टी के भीतर दोनों गुटों के भीतर प्रतिद्वंद्विता चली आ रही थी। चुनाव नतीजे आने के एक हफ्ते बाद कांग्रेस हाईकमान ने दोनों गुटों को खुश और संतुष्ट रखने का फार्मूला बनाया व शिवकुमार को उप मुख्यमंत्री बना दिया। हिमाचल प्रदेश में भी कांग्रेस ने सुखविंदर सिंह सुक्खू और मुकेश अग्निहोत्री के बीच संतुलन साधा। सुक्खू को मुख्यमंत्री और अग्निहोत्री को उप मुख्यमंत्री बनाया।

# गुटखा ने कराया दंपति में विवाद, नाराज पत्नी ने छोड़ा पति का घर

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

वैंसे तो दंपति के बीच विवाद के कई मामले आए दिन सामने आते हैं, लेकिन राजधानी में एक दंपति के बीच गुटखा ने ऐसी दूरियां बढ़ाई कि परिवार टूटने की कगार पर आ गया। पति के गुटखा खाने और परिवारिक जिम्मेदारियों पर ध्यान नहीं देने से नाराज पत्नी ने पति का घर छोड़ दिया और अपने दो बच्चों को लेकर मायके पहुंच गई। मामला जब कोर्ट में पहुंचा तो पति ने पत्नी को घर वापस लाने की गुहार लगाई। न्यायालय और काउंसलर द्वारा दंपति को समझाइश दी गई। न्यायालय और काउंसलर की समझाइश का असर यह हुआ कि दंपति साथ रहने के लिए राजी हो गए और कोर्ट से साथ घर लौटे।

## न्यायालय द्वारा दंपति की काउंसलिंग कराई गई, जिसके बाद दोनों साथ घर लौटे



## शादी को हुए आठ साल, दो बच्चे

दंपति की शादी को करीब आठ साल हो चुके हैं और दो बच्चे भी है। पति जहां एक निजी कंपनी में काम करता है, वहीं पत्नी गृहणी है। करीब एक साल से दोनो अलग रह रहे थे। मामले में पत्नी ने भरण-पोषण का केस लगाया था। पति की ओर से पत्नी को घर वापस लाने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया था। हाल ही में हुई लोक अदालत में दंपति को बुलाया गया और समझाइश दी गई।

## पति पारिवारिक जिम्मेदारियों का भी पालन नहीं करता

पत्नी का आरोप था कि शादी के कुछ समय तक सब ठीक चल रहा था। पति के गुटखा खाने और दंपति के बीच संवाद कम होने के चलते विवाद की स्थिति बन गई। घर में आए दिन झगड़े हो। पत्नी के अनुसार, पति पारिवारिक जिम्मेदारियों का भी पालन नहीं करता और कुछ कहने पर विवाद करने लगता। रोज-रोज के विवाद का बच्चों पर बुरा असर पड़ रहा था और वह पति की हरकतों से तंग आ गई थी। जब पति में कोई सुधार नहीं हुआ तो वह मायके आ गई।

## पति ने कहा निभाएगा जिम्मेदारी

मामले में पति ने पत्नी की घर वापसी के लिए आवेदन प्रस्तुत किया था। पति ने कहा कि वह अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभा रहा है, लेकिन पत्नी उससे बात ही नहीं करती है। पत्नी ससुराल पक्ष के लोगों से ठीक से बात तक नहीं करती है और विवाद किया जाता है। हालांकि वह प्रयास करेगा कि पत्नी को उससे परेशानी न हो। वह परिवार की जिम्मेदारी भी निभाएगा।

### 4219 चेन पुलिंग की घटनाएं हुई, जिसमें से बिना कारण 2385 बार ट्रेनों को रोका

# 2385 यात्रियों ने अपनी मन पसंद जगह पर रुकवाई ट्रेन, भरना पड़ा 15 लाख जुर्माना

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

ट्रेनों में सफर करने वाले 2385 यात्रियों ने मनपसंद स्थानों पर ट्रेनें रुकवाई है, जिसके बदले में उन्हें 15 लाख जुर्माना भरना पड़ा है। इन यात्रियों में से कुछ के पास टिकट थे तो कुछ बिना टिकट रेल यात्रा कर रहे थे। इनकी वजह से लाखों यात्रियों को अंतिम स्टेशन पर पहुंचने में 10 मिनट से लेकर 1 घंटे तक इंतजार करना पड़ा है। वहीं जिन ट्रेनों को जबरन रोका गया, उसके कारण उस रूट पर पीछे से आने वाली ट्रेनें भी प्रभावित हुई, जिनमें सवार लाखों यात्रियों को अलग परेशान होना पड़ा है। रेलवे ने ट्रेन रूकवाने वाले यात्रियों पर कड़ी कार्यवाई करने के साथ ही हिदायत दी है कि दोबारा इस तरह की गलतियां की तो सख्त कार्यवाही करेंगे।

उल्लेखनीय है कि ये घटनाएं बीते 11 माह (जनवरी 2023 से नवम्बर 2023 तक) की है। रेलवे के मुताबिक कुल 4219 चैन पुलिंग की घटनाएं हुई है। जिसमें से बिना कारण 2385 बार ट्रेनों को रोका गया है।

भोपाल रेल मंडल से मिली जानकारी के मुताबिक दिल्ली-मुम्बई, मुम्बई-कोलकाता (वाया इटारसी), बीना - मक्सी-कोटा (वाया गुना), इंदौर-मक्सी-गुना-ग्वालियर, भोपाल-इंदौर-रतलाम (वाया संत हिरदाराम नगर) मार्ग सहित दक्षिण व पश्चिम रेल मार्ग को जोड़ने वाले रेल मंडल में उक्त कार्यवाही की है। अधिकारियों का कहना है कि ट्रेनों की गति को प्रभावित करने वाले कारको में से एक कारक, चैन पुलिंग किया जाना भी है। रेलवे द्वारा चैन पुलिंग की व्यवस्था विशेष/आपात स्थिति के लिए की गई है, परन्तु कई बार सामान्य स्थिति में भी अकारण चेन पुलिंग की जाती है, जिसके कारण चैन पुल की गई गाड़ी के अलावा उसके पीछे चलने वाली गाड़ियाँ भी विलंबित/प्रभावित होने से समय और राजस्व की हानि होने के साथ-साथ सह यात्रियों को भी असुविधा होती है। अनाधिकृत रूप से चैन पुलिंग को रेल अधिनियम के तहत दंडनीय अपराध की श्रेणी में रखा है।




## आरपीएफ दे रहा समझाइश

रेल सुरक्षा बल भोपाल मंडल द्वारा प्रभावित स्टेशन/गाडियों को चिन्हित कर अनाधिकृत रूप से चैन पुलिंग की रोकथाम हेतु यात्री गाडियों की निगरानी, स्टेशन उद्घोषणा प्रणाली के माध्यम से उद्घोषणा एवं अभियान चलाकर बिना किसी उचित कारण के चैन पुलिंग ना करने की समझाइश दी जा रही है।

## बिना कारण ट्रेनें रोकी तो होगी ये कार्यवाही

बिना किसी उचित कारण के चैन पुलिंग करने वालों के विरुद्ध भारतीय रेल अधिनियम 1989 की धारा 141 के तहत कार्यवाही करने, जिसमें एक वर्ष तक का कारावास या एक हजार रुपये तक का जुर्माना अथवा दोनों दंड का प्रावधान है।



**भोपाल।** ऑल इंडिया पेंशनर्स डे के मौके पर रेलवे के सत्तर साल से ज्यादा उम्र के 21 रिटायर्ड कर्मचारियों का सम्मान समारोह आयोजित हुआ। इस मौके पर स्वास्थ्य संबंधी सलाह भी दी गई। कार्यक्रम में रेल्वे अस्पताल व बैंक के अफसर भी मौजूद थे

## आर्थिक प्रगति महिला भागीदारी के बिना असंभवः सोनू चौरे

**भोपाल ।** अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत महानगर-भोपाल इकाई द्वारा ग्राहक जागरण पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित 'प्रबुद्धजन संगोष्ठी' ग्राहक पंचायत प्रदेश कार्यालय पर सम्पन्न हुई। जिला अध्यक्ष गगनकांत त्रिपाठी ने बताया कि 'प्रबुद्धजन संगोष्ठी' में मुख्य वक्ता डॉक्टर सोनू चौरे सहायक प्राध्यापक ने महिला सशक्तिकरण विषय पर सारगर्भित प्रभावी व्याख्यान दिया उनके साथ ही किरण मंसारकर ने पर्यावरण सुरक्षा का महत्व बताते हुए, पानी बचाने पर जोर देते हुए, भावी पीढ़ी में पर्यावरण हितैषी संस्कार देने के लिए मातृषक्ति को प्रेरित किया। ''प्रबुद्धजन संगोष्ठी'' का शुभारंभ श्रीमती प्रतिमा हरित के मधुर ग्राहक गीत प्रस्तुतीकरण से हुआ।



*भोपाल। आनंद नगर गुरुद्वारे में गुरु तेग बहादुर साहिब का शहीदी पर्व कितन दरबार सजाया गया*

## मोदी जी की गारंटी वाली गाड़ी गांव-गांव पहुंच रही है:रामेश्वर



**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ जन-जन पहुंचाने व लाभान्वितों को जोड़ने के उद्देश्य से केन्द्र सरकार द्वारा पूरे देश में विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर रविवार को हुजूर विधानसभा के तूमडा एवं संतनगर में कार्यक्रम में आयोजित किया गया, जिसमें विधायक रामेश्वर शर्मा नागरिकजनों को यात्रा की विस्तृत जानकारी दी।

शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के हर गरीब को जनहितैषी योजनाओं का लाभ दिलाकर उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का उत्कृष्ट प्रयास विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से किया है। समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की जनकल्याणकारी योजना की पहुँच ही इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य है। अब मोदी की गारंटी वाली गाड़ी हर गांव-गांव और मोहल्ले तक पहुंच रही है । मोदी सरकार ने पिछले नौ साल में हर व्यक्ति को सशक्त बनाने के लिए तमाम पहल की हैं।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर कार्यक्रम

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार का प्रयास है कि कोई भी गरीब झुग्गियों में रहने के लिए मजबूर ना होए सबके पास पक्की छत होए पक्का घर हो। पिछले 9 साल में केंद्र सरकार 4 करोड़ से ज्यादा घर बना चुकी है। मोदीजी ने उज्वला, आयुष्मान एवं अन्न योजनाओं आदि से देश के हर गरीबए पिछड़ेए आवासहीन व्यक्ति को लाभ पहुंचाया है।

शर्मा ने कहा कि आज जो पात्र लोग सरकार की योजनाओं के लाभ के लिए आगे आए हैं उन्हें बधाई। विधायक रामेश्वर शर्मा ने उपस्थित लोगों से आह्वान किया कि हम सभी लोग ज्यादा से ज्यादा विकसित भारत संकल्प यात्रा के बारे में लोगों को जानकारी दें ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति लाभ से वंचित न रहे।

## रोटरी क्लब ईस्ट का निशुल्क चिकित्सा शिविर

**भोपाल।** रोटरी क्लब ईस्ट भोपाल द्वारा ट्रिनिटी मल्टी स्पेसलिटी हॉस्पिटल चुना भट्टी के सहयोग से निशुल्क जांच और परामर्श मेडिकल कैंप आयोजित किया जिसमे 60 से अधिक पुरुष महिलाएं बच्चे जांच और इलाज के लिए आए। डॉ अपर्णा गुप्ता डॉ अंकिता पाटीदार डॉ अंकुर पाठक ने जांच कर दवाई आदि दी। निशुल्क टेस्ट की सुविधा भी उपलब्ध कराई । इस अवसर पर रोटरी अध्यक्ष संजय दुबे ने कहा की ट्रिनिटी हॉस्पिटल प्रत्येक माह गरीबों के लिए निशुल्क कैंप आयोजित कर रहा है। शिविर में रोटरी पूर्व अध्यक्ष जीके छिब्बर सचिव प्रखर तिवारी संचालक कला मोहनऔर अन्य सदस्य भी उपस्थित थे।

## रामचरित मानस चौपाइयों से किया हवन यज्ञ

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

बजरंग सेना समिति द्वारा मॉ काली मंदिर हलालपुर में रविवार को मां काली मंदिर हलालपुरा में रामचरित मानस का पाठ का समापन हुआ। मानस की चौपाइयों से हवन किया गया। अर्चक पुरोहित पं. राजकुमार गर्ग ने हवन कराया।

राजकुमार गर्ग ने बताया कि विवाह पंचमी पर प्रभु सीताराम का विवाह हुआ था इस दिन जो भी रामचरित मानस की चौपाइयों से हवन करता है उसकी वैवाहिक जीवन सुखमय बीतता है। कार्यक्रम के अंत में हनुमान महाराज जी की आरती कर प्रसादी वितरण किया गया।



तत्पश्चात् समिति के नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष नरेन्द्र टहिलयानी एवं सचिव गुरदास रामचंदानी को नियुक्त करने पर भगवा रंग का गमछा पहनाकर, नियुक्ति पत्र सौंपे गए।

आहूति देने वाले मुख्य सलाहाकार रुप कुमार, समिति अध्यक्ष कमलेश देवानी, सलाहाकार प्रभु मूलचंदानी, उपाध्यक्ष राज बिजोरिया, जीतू शिवनानी, महेश दरयानी, नरेन्द्र टहिलानी, महासचिव राजेश केवलानी, सचिव जगदीश सावले, राजकुमार धानुक, गुरदास रामचंदानी, विष्णु नाथानी, अनिल आदि उपस्थित थे।

## संतजी की 17वीं पुण्यतिथि रामधुनी, भंडारा होगा

**हिरदाराम नगर।** युवा सिन्धी मंच द्वारा प्रतिवर्ष की भाति इस वर्ष भी ब्रहमलीन संत शिरोमणी हिरदाराम साहब जी की 17वीं पुण्यतिथि कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। मंच के अध्यक्ष जयराम नंदवानी ने बताया कि 21 दिसंबर को सुबह 11 से 12 बजे तक, रामधुनी होगी। भण्डारा एक से पांच तक तक मेन रोड पेट्रोल पम्प के पास होगा।



**मेट्रो एंकर**

### सिंधी सेंट्रल पंचायत ने किया सबनानी का स्वागत

# समाज की अपेक्षाओं को पूरा करने में कसर नहीं छोडूंगा

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

दक्षिण-पश्चिम विधान सभा से निर्वाचित विधायक भगवान दास सबनानी का सिंधी सेन्ट्रल पंचायत, भोपाल ने रविवार को स्वागत किया गया। सम्मान स्थल तक सबनानी को बग्गी से ले जाया गया, पुष्प वर्षा और आतिश बाजी के साथ सम्मान समारोह की शुरूआत हुई।

दीप प्रज्ज्वलन के बाद सिंधी टोपी अजरक पहनाकर सिंधी सेन्ट्रल पंचायत के अध्यक्ष भगवान देव इसरानी एवं पंचायत के पदाधिकारियों ने सबनानी का स्वागत किया। सिधी सेन्ट्रल पंचायत साख सहकारी समिति, सिंधु भवन ट्रस्ट, अटलराम सिंधी धर्मशाला, सिंधू शिक्षा समिति, सिंधी मेला समिति, राष्ट्रीय सिंधी मंच सहित विभिन्न मोहल्ला पंचायत के पदाधिकारियों नें भी सबनानी का स्वागत किया।

इस अवसर पर सबनानी नें आश्वस्त किया कि वे समाज की मागों की पूर्ति और उनकी सेवा में सतत प्रयत्नशील रहेंगे। उन्होंने समाज के सतत सहयोग के लिये सिंधी समाज का आभार भी व्यक्त किया। दिनेश मेघानी नें स्वागत भाषण दिया। भगवानदेव ईसरानी, किशोर तनवानी और कन्हैयालाल दलवानी ने स्वागत विचार रखे। इस अवसर पर मध्यप्रदेश विधान सभा सचिवालय से उत्कृष्ट अधिकारी के रूप में सम्मानित मोहनलाल मनवानी का भी शाल श्रीफल एवं प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया गया।



## सफलता में संतजी का आशीर्वाद

सबनानी संत हिरदारामजी की कुटिया भी पहुंचे। यहां संवादाताओं से चर्चा करते हुए सबनानी ने कहा कुटिया उनके आस्था और श्रद्धा की जगह ही परिस्थिति में संतजी की आशीर्वाद मिला है। हर सफलता संतजी के आशीर्वाद की देन है। सबनानी ने कहा, टिकट मिलने के बाद एक पल भी मन में नहीं आया कि कोई चुनौती सामने हैं, क्योंकि भाजपा में व्यक्ति नहीं कार्यकर्ता चुनाव ल?ते हैं। जीत भी कार्यकर्ताओं की है।

# मुद्दत बाद चीते हुए आजाद



मप्र के कूनो अभयारण्य में गत वर्ष लाए गए चीतों को अब खुले जंगल में छोड़ने का क्रम शुरू हो गया है। मुख्य वन संरक्षक ने कहा है कि दो नर चीता अग्नि और वायु को कूनो राष्ट्रीय उद्यान के पारोंद वन क्षेत्र में सफलतापूर्वक छोड़ा गया। दोनों चीते पूर्ण रूप से स्वस्थ हैं। हालांकि उन पर लगातार नजर रखी जा रही हैं। अब पर्यटन जोन में चीतों की मौजूदगी हो गई है तथा अब पर्यटक चीतों को देख सकेंगे।

### कल संभालेंगे पदभार, जल्द होगा बड़ा परिवर्तन

# मप्र में कांग्रेस की नई जमावट में जुटे जीतू

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** मप्र कांग्रेस के नये अध्यक्ष जीतू पटवारी अब चार महीने बाद होने वाले लोकसभा चुनाव के लिये अपनी तैयारी नई टीम के साथ करेंगे। माना जा रहा है कि अब हइकमान की मंशा के मुताबिक क्षेत्रीय और जातीय समीकरण के आधार पर युवाओं को आगे लाया जाएगा। दरअसल कमलनाथ के स्थान पर जीतू पटवारी को अध्यक्ष और उमंग सिंघार को विधायक दल का नेता बनाकर संदेश दे दिया गया है। कल दिल्ली में पटवारी ने नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के साथ पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह से मुलाकात की। वे अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ भी चर्चा करके टीम को अंतिम रूप देंगे। फिलहाल उन्होंने सभी मौजूदा पदाधिकारियों से अपना काम करते रहने को कहा है।



दिल्ली में मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार ने पूर्व मुख्यमंत्री, राज्यसभा सांसद अपनी नियुक्ति के बाद मुलाकात की । पटवारी ने ट्वीट किया कि 'हम सबके मार्गदर्शक दिग्विजयसिंह से मुलाकात करके हमने उनका मार्गदर्शन लिया है।'

#### पीसीसी के चेहरे बदलेंगे

सूत्रों की मानें तो जीतू पटवारी ने पीसीसी में भी नये सिरे से जमावट करने की तैयार कर ली है। वे सभी पदों पर बदलाव के पक्ष में माने जा रहे हैं। इसके अलावा मीडिया की टीम में भी बदलाव हो सकता है। कमलनाथ काल में जुडे मीडिया के कई चेहरों को हटाकर दूसरे चेहरे आ सकते हैं। यह भी संभावना है कि कमलनाथ काल में उपेक्षित पुराने चेहरों का भी उपयोग पटवारी अपनी नई टीम में करेंगे।

मप्र के चुनाव में करारी हार से निराश कार्यकर्ता में मनोबल बढ़ाने के प्रयास भी पटवारी करेंगे। हालांकि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को अभी उम्मीद बाकी है क्योंकि हालिया विधानसभा चुनाव में पार्टी जरूर हार गई पर छिंदवाड़ा सहित दस लोकसभा क्षेत्र ऐसे हैं, जहां विधानसभा चुनाव 2023 के परिणाम के हिसाब से भाजपा को पराजय मिली है। इनमें मुरैना, भिंड, ग्वालियर, टीकमगढ़, मंडला, बालाघाट, रतलाम, धार और खरगोन सीट शामिल हैं। माना जा रहा है कि कांग्रेस यहां खासा जोर लगाने का प्रयास करेगी। इसके अलावा आदिवासी सीटों पर भी कांग्रेस अपना आधार बनाए रखने में कामयाब हुई है। लिहाजा पार्टी का फोकस इन क्षेत्रों पर भी होगा।

#### संतुलन साधने कार्यकारी अध्यक्ष बनेंगे

जानकारों का मानना है कि हाइकमान ने क्षेत्रीय और राजनीतिक संतुलन बनाने के लिए चार कार्यकारी अध्यक्ष बनाने के लिये कह दिया है। यह नियुक्ति जल्द होने वाली है। यह प्रयोग कमल नाथ को प्रदेश अध्यक्ष बनते समय भी किया था। उस समय जीतू पटवारी कार्यकारी अध्यक्ष थे। अभी पटवारी और उमंग सिंघार मालवा अंचल के हैं। जबकि, विधायक दल के उप नेता बनाए गए हेमंत कटारे ग्वालियर अंचल से आते हैं। इसलिये कांग्रेस विंध्य, महाकोशल, बुंदेलखंड और मध्य भारत से कार्यकारी अध्यक्ष बनाकर संतुलन साधने की कोशिश में है।

### संकल्प पत्र के आधार पर तैयार होगा कामकाज का रोडमैप

# गारंटी की झलक दिखेगी राज्यपाल के अभिभाषण में

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** मध्यप्रदेश में 16वीं विधानसभा के गठन और आज नवनिर्वाचित सदस्यों के शपथ ग्रहष के बाद बुधवार को राज्यपाल मंगुभाई पटेल का पहला अभिभाषण होगा। इसमें मोदी की गारंटी वाले चुनाव संकल्प पत्र- 2023 की झलक साफ दिखने के आसार हैं। इसके आधार पर ही मप्र की यादव सरकार का पांच वर्ष का रोडमैप तैयार हो रहा है।

सीएम यादव ने सभी वरिष्ठ अधिकारियों को संकल्प पत्र की पूर्ति के लिए कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए हैं। सभी विभागों से कहा गया है कि इसके वे बिंदु, जिनका क्रियान्वयन तत्काल किया जा सकता है, उन्हें प्राथमिकता में लिया जाए। संकल्प पत्र को मोदी की गारंटी के रूप में प्रस्तुत किया गया है। भाजपा का मानना है कि गारंटी वाले संकल्प पत्र के आधार पर ही पार्टी ने 163 सीटें जीतकर सरकार बनाई। अब इसी संकल्प पत्र के आधार पर सरकार का रोडमैप तैयार होगा।

उल्लेखनीय है कि तेंदूपत्ता संग्राहकों को चार हजार रुपये प्रति मानक बोरा पारिश्रमिक देने का निर्णय किया जा चुका है। इसे प्रमुखता से अभिभाषण में प्रस्तुत किया जाएगा। साथ ही किसानों से 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान और 2700 रुपये में गेहूं की खरीदी का उल्लेख रहेगा। संकल्प पत्र में पीएम किसान सम्मान निधि और मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के अंतर्गत 12 हजार रुपये की वार्षिक वित्तीय सहायता देना जारी रखने, जनजातीय समुदाय के लिए अगले पांच वर्ष में स्वास्थ्य, शिक्षा और सामाजिक सशक्तीकरण पर तीन लाख करोड़ रुपये व्यय करने, मंडला, खरगोन, धार, बालाघाट और सीधी में मेडिकल कालेज का निर्माण करने की बात कही गई है। माना जा रहा है कि गरीब परिवारों के विद्यार्थियों को पहली से बारहवीं तक निःशुल्क शिक्षा और स्कूल बैग, किताबों एवं गणवेश के लिए 1200 रुपये की वार्षिक सहायता और मध्यान्ह भोजन के साथ पौष्टिक नाश्ता भी देने का उल्लेख किया जा सकता है। गरीब परिवारों को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के अंतर्गत पांच वर्ष तक निःशुल्क खाद्यान्न देने की घोषणा पर अमल के साथ मुख्यमंत्री जन आवास योजना प्रारंभ करने की घोषणा का भी उल्लेख हो सकता है। बताया जाता है कि कुछ शहरों में पुलिस कमिश्नर प्रणाली लागू करने के साथ ही पिछले एक वर्ष में भाजपा सरकार की उपलब्धियों का लेखा-जोखा भी अभिभाषण में प्रस्तुत किया जा सकता है।

# यादव से मिले दिल्ली संत महामंडल के पदाधिकारी



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से उनके दिल्ली प्रवास के दौरान मध्य प्रदेश भवन में दिल्ली संत महामंडल के पदाधिकारियों ने भेंट कर मुख्यमंत्री बनने पर शुभकामनाएं दी। दिल्ली संत महामंडल के महामंत्री महामंडलेश्वर महंत नवल किशोर दासजी, संगठन महामंत्री स्वामी कंचन गिरी , कोषाध्यक्ष श्रीमंत धीरेंद्र पुरी और कोतवाल महंत मंगलदास ने मुख्यमंत्री को श्रीरामजी की प्रतिमा और शाल-श्रीफल देकर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने संतों की बधाई स्वीकार करते हुए सभी संतों को मध्यप्रदेश आने का न्योता दिया।

### उप मुख्यमंत्री बोले

# गौवंश वन्य विहार को आत्मनिर्भर बनाया जाएगा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने बसामन मामा गौवंश वन्य विहार में गौपूजन और गौमाता का आशीर्वाद लेकर दिन की शुरुआत की। उन्होंने बसामन मामा का पूजन-अर्चन किया। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने बसामन मामा गौवंश वन्य विहार के संचालन के संबंध में जानकारी प्राप्त की और निर्माणाधीन कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने वन्य विहार के संपूर्ण परिसर में सघन वृक्षारोपण के निर्देश दिये। उप मुख्यमंत्री ने सभी पेड़ों को जीवित और सुरक्षित करने के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि बसामन मामा गौवंश वन्य विहार को आत्मनिर्भर बनाने के सभी कार्य प्राथमिकता से कराये जायेंगे।

# कॉलेजों में अतिथियों की नियुक्ति के लिए आज से प्रक्रिया प्रांरभ

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** प्रदेश के सरकारी कॉलेजों में गेस्ट फैकल्टी की नियुक्ति की प्रक्रिया सोमवार से शुरू हो जाएगी। उच्च शिक्षा विभाग ने कॉलेजों में गेस्ट फैकल्टी की आमंत्रण और नियुक्ति प्रक्रिया के लिए शेड्यूल सत्र के तहत यह दूसरे चरण की प्रक्रिया शुरू की है। इसके अनुसार सोमवार से रजिस्टर्ड या सत्यापित उम्मीदवारों को प्रोफाइल अपडेट होगी। वहीं शास.लीड कॉलेज द्वारा सत्यापन कराना होगा। 21 दिसंबर इसके लिए अंतिम तारीख तय की गई है। 22 दिसंबर से गेस्ट फैकल्टी को आमंत्रण के लिए सत्यापित आवेदकों को च्वाइस फिलिंग करनी होगी। इसके लिए 25 दिसंबर अंतिम तारीख है।

**मेट्रो एंकर** सेमेस्टर की परीक्षा 26 दिसंबर तो पूरक परीक्षा 3 जनवरी तक चलेगी

# बरकतउल्ला विवि में आज से शुरू हुई थर्ड सेमेस्टर के साथ पूरक परीक्षाएं

**भोपाल, दोपहर मेट्रो। बरकतउल्ला विश्वविद्यालय द्वारा एमए, एमकॉम और एमएससी के तृतीय सेमेस्टर के साथ पूरक परीक्षाएं सोमवार से शुरू हो गई हैं। परीक्षाएं दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक चलेंगी।**



जानकारी के अनुसार, एमए तृतीय सेमेस्टर, एमए हिस्ट्री तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा 18 से 26 दिसंबर तक होगी। वहीं एमए व एमएससी न्यू मैथेमेटिक्स एवं पूरक परीक्षा 18 दिसंबर से शुरू होकर 3 जनवरी तक चलेंगे। इसी तरह एमएससी तृतीय सेमेस्टर के तहत होम साइंस, रिसोर्स मैनेजमेंट, फूड न्यूट्रिशन, एमकॉम तृतीय सेमेस्टर और मून डिपार्टमेंट के पेपर 19 से 27 दिसंबर तक, जबकि एमसएसी तृतीय सेमेस्टर के पेपर 19 दिसंबर से 2 जनवरी तक आयोजित किए जाएंगे।

### बीयू में महिला शिकायत निवारण प्रकोष्ठ का गठन

**प्रो. साधना सिंह को किया संयोजक सहित 4 सदस्य नियुक्त**

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा महिला शिकायत निवारण प्रकोष्ठ का गठन किया गया है। बीयू के रजिस्ट्रार आईके मंसूरी द्वारा यह कमेटी गठित की गई है। इस प्रकोष्ठ की संयोजक भौतिक विभाग की प्राध्यापक प्रो. साधना सिंह है। प्रो. अनिता धुर्वे, डॉ. पिंकी गोखले, डॉ. आरती डावर, डॉ. सुनील स्नेही को सदस्य एवं सहायक कुलसचिव शरद पटेल को प्रस्तुतकर्ता अधिकारी नियुक्त किया गया है। कमेटी गठित करने का उद्देश्य परिसर को महिलाओं के प्रति संवेदनशील बनाकर महिला छात्रा तथा कर्मचारियों को एक बेहतर तथा सुरक्षित माहौल और वातावरण मुहैया करना है।




## सुविचार

जिंदगी को
आसान नहीं बस
खुद को,
मजबूत बनाना
पड़ता है सही
समय कभी
नहीं आता है।

- अज्ञात

## संपादकीय

# टकराव के मर्ज का स्थाई इलाज जरूरी

पिछले कुछ वर्षों से लगातार देखा जा रहा है कि जिन राज्यों में केंद्र के विपक्षी दलों की सरकारें हैं वहां राज्यपाल और सरकार के बीच अक्सर तनातनी का वातावरण बन जाता है। यह तनातनी इतनी तीखी होती है कि राज्य के हित प्रभावित होने की आशंका बन जाती हैं। अक्सर सरकार के निर्णयों, विधेयकों के जरिये टकराव होता है। जबकि सर्वोच्च न्यायालय ने एक बार फिर रेखांकित किया है कि राज्यपाल के पास तीन ही विकल्प होते हैं- वे विधेयक को पास करें, लौटा दें या राष्ट्रपति के पास विचार के लिए भेज दें। ताजा मामला दक्षिण के राज्यों का है। सर्वोच्च न्यायालय के हस्तक्षेप और नसीहतों के बावजूद तमिलनाडु और केरल में सरकार और राज्यपाल के बीच रिश्ते तकरार के ही बने हुए हैं। केरल के राज्यपाल और मुख्यमंत्री तो अब सार्वजनिक मंचों से भी एक-दूसरे के खिलाफ जुबानी जंग शुरू कर चुके हैं। उस तल्खी में भाषा की मर्यादा भी लांघने की कोशिश नजर आती है। राज्यपाल इस बात से आहत हैं कि केरल सरकार विश्वविद्यालयों के सीनेट सदस्यों के मनोनयन में उनकी अवहेलना कर रही है। उन्होंने खुलेआम कहा है कि वे ऐसे मनोनयन को रद्द कर देंगे। उधर मुख्यमंत्री ने उन्हें 'अवसरवादी' तक कह दिया। वहीं तमिलनाडु में सरकार द्वारा विधानसभा में पारित विधेयकों को मंजूरी देने के बजाय लटकाए हुए राज्यपाल लटकाए हैं। एक बार फिर सर्वोच्च न्यायालय ने सलाह दी है कि मुख्यमंत्री और राज्यपाल को आमने-सामने बैठ कर अपने मतभेदों को सुलझा लेना चाहिए। हालांकि अदालत यह बात पहले भी कह चुकी है। पंजाब मामले में सुनवाई करते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने राज्यपाल के अधिकारों की व्याख्या करते हुए यहां तक कह दिया था कि इसे सभी राज्यपालों को समझने की जरूरत है। मगर तमिलनाडु के राज्यपाल अपने रुख पर कायम रहे। फिलहाल तमिलनाडु मामले की सुनवाई अगले महीने तक के लिए टाल दी गई है, मगर इसमें भी जो फैसला आएगा, स्पष्ट है कि वही होगा, जो पंजाब के मामले में था। दरअसल, केरल और तमिलनाडु के राज्यपाल इस बात से आहत हैं कि इन दोनों राज्यों की सरकारों ने विधानसभा में विधेयक पारित कर राज्यपाल को विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति पद से बेदखल कर दिया। हालांकि इन दो राज्यों के अलावा राजस्थान व पश्चिम बंगाल और पंजाब सरकार ने भी इसी आशय का विधेयक पारित किया था। यह झगड़ा इसलिए शुरू हुआ था कि राज्य सरकारों द्वारा कुलपतियों के प्रस्तावित नामों पर राज्यपाल आपत्ति जताने और विश्वविद्यालयों की सीनेट में दखल देने लगे थे। सर्वोच्च न्यायालय के हस्तक्षेप से पश्चिम बंगाल और पंजाब में इसे लेकर तकरार थम गई, मगर तमिलनाडु और केरल में बरकरार है। उसी के बहाने दूसरे विधेयकों को भी राज्यपाल लटका देते हैं, जो जनहित से जुड़े होते हैं। तमिलनाडु के मामले में सुनवाई के वक्त सरकार के वकील ने कहा भी कि इस झगड़े को आपस में बैठ कर सुलझाया नहीं जा सकता, अदालत के आदेश से ही इसका निपटारा हो सकेगा। विडंबना है कि एक चुनी हुई सरकार के फैसलों में राज्यपाल नाहक हस्तक्षेप कर गतिरोध पैदा करने की कोशिश करें और फिर वह झगड़ा अदालत को सुलझाना पड़े। राज्यपाल के अधिकार संविधान में स्पष्ट वर्णित हैं। उन्हें चुनी हुई सरकार की सलाह और सहयोग से राज्य में संवैधानिक मूल्यों की रक्षा करने का दायित्व है। संविधान के मुताबिक किसी विधेयक के लौटाए जाने पर अगर विधानसभा फिर उसे पारित कर देती है, तो राज्यपाल के पास उसे मंजूरी देने के अलावा कोई विकल्प नहीं रह जाता। इसलिए कई राज्यपाल विधेयक को लटकाए रखने का रास्ता चुनते हैं। यह लोकतांत्रिक मूल्यों का हनन तो है,लेकिन इस मसले का निपटारा स्थाई रूप से होने की जरूरत है।

## निशाना

### दूंगा मैं हिसाब !



-कृष्णेन्द्र राय

नहीं है पैसा मेरा।
दूंगा मैं हिसाब ।।
भले दिया है खोल।
आपने किताब ।।
डाल डाल यदि आप हैं।
मैं भी पात पात ।।
कम नहीं हैं हम भी।
बिछाने में बिसात ।।
हैं हम भी तैयार।
भले खुली हो पोल ।।
मानना पड़ेगा पर।
नहीं घुमाते गोल ।।
है बड़ा परिवार।
नहीं अकेला मेरा ।।
आज अंधकार है।
आना तय सबेरा ।।

## आज का इतिहास

- 2014 - सबसे भारी रॉकेट जीएसएलवी मार्क-3 का सफल प्रक्षेपण हुआ।
- 2017- राष्ट्रमंडल कुश्ती चैंपियनशिप में भारत ने जीते 30 में से 29 स्वर्ण।
- 2015 - ब्रिटेन के कोयला खादान केलिंगले केलियरी को बंद किया गया।
- 2008- ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल का सफल परीक्षण हुआ।
- 2007 - जापान ने इंटरसेप्टर मिसाइल का परीक्षण किया।
- 2006 - मलेशिया में बाढ़ से कम से कम 118 लोगों की मौत तथा चार से लाख से अधिक लोग बेघर।
- **संयुक्त** अरब अमीरात में पहली बार चुनाव।
- 2005 - भूटान नरेश जिग्मे सिंग्मे वांगचुक ने 2008 में गद्दी छोड़ देने की घोषणा की।
- **कनाडा** में गृह युद्ध की शुरुआत।

# राजनीति और धर्म का गठजोड़ करता है नुकसान, पड़ोसी देश भी हैं गवाह

**रामचंद्र गुहा**

हाल ही में बंगलूरू में एक संवाद के दौरान लेखक परकाला प्रभाकर ने राजनीतिक विमर्श की बदलती भाषा पर एक बेधक बात कही। 1980 के दशक के अंत में, जब पहली बार भारतीय जनता पार्टी भारतीय राजनीति में एक बड़ी ताकत बन रही थी, तब भाजपा नेता लालकृष्ण आडवाणी ने कहा था कि वह 'सकारात्मक धर्मनिरपेक्षता' के पक्ष में हैं। तब कांग्रेस की टिप्पणी थी कि आडवाणी जिस धर्मनिरपेक्षता की बात करते हैं, वह नकली धर्मनिरपेक्षता है। लेकिन आडवाणी तब उस धर्मनिरपेक्षता की बात कर रहे थे, जिसमें 'सबके साथ न्याय और किसी का तुष्टिकरण न करने का वादा' था। लेकिन अब भाजपा या कांग्रेस का कोई भी बड़ा नेता सार्वजनिक तौर पर खुद को धर्मनिरपेक्ष आदर्शों से जुड़ा हुआ नहीं स्वीकारता। इसके बजाय वे चाहते हैं कि उन्हें सच्चे हिंदू के तौर पर जाना जाए। यानी केंद्र में सत्तारूढ़ दल का विरोध करते हुए राहुल गांधी दावा करते हैं कि आरएसएस के नकली हिंदुत्व की तुलना में उनका हिंदुत्व वास्तविक है। राहुल गांधी के सलाहकार भी हिंदुत्व के प्रति राहुल के जुड़ाव की सार्वजनिक अभिव्यक्ति की पुष्टि करते हुए कांग्रेस के इस पूर्व अध्यक्ष को 'शिवभक्त' और 'जनेऊधारी हिंदू' बताते हैं। जैसा कि परकाला प्रभाकर बताते हैं कि इस विमर्श का एक चक्र पूरा हो चुका है। कभी भाजपा नेता खुद को कांग्रेसियों की तुलना में बेहतर धर्मनिरपेक्ष बताते थे। आज कांग्रेस के नेतागण खुद को भाजपा नेताओं की तुलना में ज्यादा आस्थावान हिंदू के रूप में पेश करना चाहते हैं। इस संदर्भ में मध्य प्रदेश में कमलनाथ के चुनाव अभियानों का उदाहरण दिया जा सकता है, जिसमें उन्होंने खुद को तत्कालीन भाजपाई मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की तुलना में हिंदुत्व के प्रति ज्यादा आस्थावान प्रचारित करने की कोशिश की थी। राजनीतिक विमर्श का हिंदूकरण हाल के वर्षों में तेजी से बढ़ा है। अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन से इसे और बल मिलने वाला है। दूसरी 'सेक्यूलर' छवि वाली पार्टियां भी उद्घाटन पर उतने ही उत्साह का परिचय देंगी।

इनमें छोटे दलों के वे नेता भी होंगे, जो मोदी-शाह की सरकार से खुद को जोड़ने के इच्छुक हैं। जैसे कि कर्नाटक में भाजपा से गठजोड़ करने के बाद जनता दल (सेक्यूलर) के नेता एचडी कुमारस्वामी अब अपने भाषणों का समापन 'जय श्री राम' से करते हैं। यह कॉलम लिखने के दौरान मैंने बीआरएस (भारत राष्ट्र समिति) की नेता के कविता का एक ट्वीट देखा, जिसमें उन्होंने लिखा कि राम मंदिर का निर्माण 'करोड़ों हिंदुओं' के सपनों का साकार होना है। यह तय है कि आनेवाले दिनों में एक या उससे ज्यादा कांग्रेसी नेता हमें सूचित करेंगे कि वह राजीव गांधी ही थे, जिन्होंने प्रधानमंत्री रहते हुए राम मंदिर का ताला खुलवाया था, इसलिए अयोध्या में जो भव्य राम मंदिर बन रहा है, उसके मौलिक वास्तुविद वही हैं, लालकृष्ण आडवाणी या नरेंद्र मोदी नहीं। एक हिंदू होते हुए भी मैं इस नए मंदिर के निर्माण का उत्सव नहीं मना सकता। इसकी एक वजह यह है कि हिंसा के उस खूनी दौर में मैं उत्तर भारत में था, जब हजारों निर्दोष लोग, जिनमें ज्यादातर मुस्लिम और कुछ हिंदू भी थे, हिंसा में मारे गए, और जिसकी परिणति अंततः अयोध्या में मस्जिद ध्वंस के रूप में हुई। जब मैं छोटा था, तब देहरादून में मेरी रामभक्त मां मुझे नहर के तट पर स्थित एक छोटे-से मंदिर में ले जाती थी। शादी के बाद जब मैं बंगलूरू आ गया, तब मेरी सास, वह भी राम भक्त थीं, पड़ोस के शिवाजी नगर स्थित छोटे से रामार कोविल में हमेशा ही दर्शन के लिए जाती थीं। बाद में एक छात्र और गांधी के जीवनीकार के रूप में मैंने यह सीखा कि गांधी को आराधना के लिए छोटे या बड़े मंदिर की जरूरत नहीं थी, ईश्वर का नाम हमेशा उनके दिल में और अंत समय में भी उनके होठों पर उनका नाम था।अगले महीने होने वाले इस विशाल नए भवन का उद्घाटन देश के भविष्य को लेकर क्या पूर्वाभास देता है? एक मित्र का कहना है कि भारत एक दूसरा गणतंत्र बनाने की कगार पर है, जहां राजनीति व नीति- निर्माण 'हिंदू प्रथम' के आधार पर होगी और इस प्रकार यह नया गणतंत्र 1950 में संविधान द्वारा लाए गए पुराने गणतंत्र को प्रतिस्थापित करेगा, जिसने बहुमत की आस्था को राज्य की आस्था से जोड़ने से समझदारीपूर्वक अस्वीकार कर दिया था। राम मंदिर परियोजना में सरकारी भागेदारी से इस विचार की भी पुष्टि होती है कि भारत सर्वप्रथम एक हिंदू राष्ट्र ही है। प्रधानमंत्री जिस तरह से अयोध्या में सभी तरह के संस्कार निभा रहे हैं, राजशाही तौर-तरीकों के संकेत मिलते हैं। बात सिर्फ इस मंदिर की नहीं है।



दिसंबर, 2021 में जब बनारस में नरेंद्र मोदी एक धार्मिक अनुष्ठान कर रहे थे, तब वहां मौजूद साधुओं ने एक स्वर में राजा साहब की जय की मुनादी की। नरेंद्र मोदी की साम्राज्यवादी महत्वाकांक्षाओं का सबसे प्रबल उदाहरण तो नई संसद के उद्घाटन में दिखता है, जब प्रधानमंत्री विजयी रूप से अकेले कुछ साधुओं के साथ खड़े थे। वह शहंशाह की भांति उस इमारत में खड़े थे, जो कथित तौर पर जनता की इच्छा का प्रतिनिधित्व करती है। आज भारत में जो हो रहा है, उसे पड़ोसी देशों के हालात के संदर्भ में समझा जा सकता है। पाकिस्तान और बांग्लादेश स्वघोषित इस्लामी मुल्क हैं, जहां हिंदुओं को दोयम दर्जे का नागरिक माना जाता है। श्रीलंका और म्यांमार स्वघोषित बौद्ध राष्ट्र हैं। यह महज संयोग नहीं है कि दोनों ही देशों में अल्पसंख्यकों को राज्य द्वारा प्रायोजित हिंसा का सामना करना पड़ा। भारत जो अब तक राज्य को धर्म से अलग रखते हुए इन देशों से अलग खड़ा था, अब वह भी दक्षिण एशियाई देशों के इस क्लब में शामिल हो गया है।

दूसरे देशों का आजादी के बाद का इतिहास इस मामले में शुभ संकेत नहीं देता। अब श्रीलंका को ही लें। दक्षिण एशिया के सभी देशों में मानव विकास की दृष्टि से श्रीलंका अव्वल आता है। सर्वोत्तम शिक्षित जनसंख्या, सर्वोत्तम स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं और महिलाओं के प्रति कम भेदभाव यहां दिखता है। अगर आज सिंहली बौद्धों का अंध राष्ट्रवाद, तमिल अल्पसंख्यकों (अधिकतर हिंदू) को अपना दुश्मन न मानता, तो श्रीलंका क्रूर गृहयुद्ध की चपेट से बचा होता और पूरे एशिया का सबसे समृद्ध देश होता।

हमारे नेता यह शेखी बघारते हैं कि भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। हालांकि संकेतक बताते हैं कि प्रति व्यक्ति आय, शिशु मृत्यु दर, महिलाओं का प्रतिशत कार्यबल इत्यादि में हम बहुत नीचे हैं। समग्र आर्थिक और सामाजिक विकास में एशिया में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले देश जापान, सिंगापुर और दक्षिण कोरिया हैं। इनमें से जापान और दक्षिण कोरिया ठीक तरह से लोकतांत्रिक हैं, जबकि सिंगापुर आंशिक तौर पर लोकतांत्रिक है। फिर भी इन तीनों देशों की राजनीति और सार्वजनिक जीवन में धर्म की उपस्थिति नगण्य है। जब सभी राजनेता अयोध्या में भव्य नए मंदिर के उद्घाटन समारोह का जश्न मना रहे हों, तब हमें थोड़ा ठहर कर इस तथ्य पर जरूर विचार करना चाहिए।

**साभार :** यह लेखक के अपने विचार हैं।

## अल्पसंख्यक अधिकार दिवस- 18 दिसम्बर 2023

# अल्पसंख्यकों को नहीं बांटें और सत्य को नहीं ढकें

**ललित गर्ग**

अल्पसंख्यक अधिकार दिवस पहली बार 18 दिसंबर 1992 को संयुक्त राष्ट्र द्वारा मनाया गया था। भारत में, इस दिन राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग (एनसीएम) द्वारा राष्ट्रीय अल्पसंख्यक अधिकार दिवस व्यापक स्तर पर मनाया जाता है। यह दिवस राष्ट्रीय या जातीय, धार्मिक और भाषाई अल्पसंख्यकों से संबंधित व्यक्तियों के अधिकारों की घोषणा को जीवंतता प्रदान करने का दिवस है। भारत में इस वर्ष की थीम के अन्तर्गत केंद्र सरकार अल्पसंख्यकों के गैर-भेदभाव और समानता के अधिकारों की गारंटी के प्रयास सुनिश्चित करने के लिये प्रतिबद्ध है। इस दिन, देश के अल्पसंख्यक समुदायों के सामने आने वाली चुनौतियों और मुद्दों पर ध्यान खींचा जाता है। लोग धार्मिक, सांस्कृतिक, भाषाई और जातीय अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा करने की बात करते हैं। अल्पसंख्यक शब्द अल्प और संख्यक दो शब्दों से बना है। जिसका मतलब दूसरों की तुलना में कम संख्या होना है। भारत में अल्पसंख्यकों में मुस्लिम, ईसाई, सिख, बौद्ध, जैन और पारसी शामिल हैं। जरूरत है कि अल्पसंख्यकों को नहीं बांटें और सत्य को नहीं ढकें।

भारत 'लोकतंत्र की जननी' कहलाता है, यहां के लोकतंत्र को खुबसूरती प्रदान करने के लिये भारत का संविधान सभी नागरिकों को समान अधिकार प्रदान करता है और भाषाई, जातीय, सांस्कृतिक और धार्मिक अल्पसंख्यकों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए कई उपक्रम एवं प्रयोग करता है। सरकार उन लोगों का गंभीरता एवं समानता से ख्याल रखती है जो अनुसूचित जनजाति और अनुसूचित जाति के लोगों सहित उनकी जाति, संस्कृति और समुदाय के बावजूद आर्थिक या सामाजिक रूप से वंचित लोग हैं। इसमें कोई संदेह नहीं है कि प्रत्येक राष्ट्र में अलग-अलग जातीय, भाषाई और धार्मिक अल्पसंख्यक समूह होते हैं। भारत में अनेक अल्पसंख्यक समुदाय है। आंध्र प्रदेश, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, दिल्ली, झारखंड, कर्नाटक, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, मणिपुर, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल जैसे विभिन्न राज्यों ने अपने-अपने राज्यों में राज्य अल्पसंख्यक आयोग की स्थापना की, जो संविधान और संसद और राज्य विधानमंडलों द्वारा अधिनियमित कानूनों में दिए गए अल्पसंख्यकों के हितों की रक्षा और संरक्षण करते हैं। अल्पसंख्यक अधिकार दिवस अल्पसंख्यकों के खिलाफ सभी प्रकार के भेदभाव को खत्म करने के मकसद से मनाया जाता है। हालांकि, कानूनी रूप से भारत के संविधान में अल्पसंख्यक की कोई स्पष्ट परिभाषा नहीं है लेकिन अल्पसंख्यकों के हितों की रक्षा के लिए संविधान के कई प्रावधान अनुच्छेद 29, 30 आदि हैं।





लोकतंत्र भारत की आत्मा है और उसकी रगों में लोकतंत्र रचा-बसा है। यहां सभी को समानता से जीने का अधिकार है, जाति, पंथ एवं धर्म के आधार पर किसी के साथ भेदभाव का कोई सवाल ही नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों के कल्याण एवं अधिकारों पर बल दिया है तभी उनकी सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के सिद्धांत पर चलती है। अल्पसंख्यकों के साथ भेदभाव के आरोप पर मोदी ने कहा कि भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों में धर्म, जाति, उम्र या भू-भाग के आधार पर कोई भेदभाव नहीं है। हमारी सरकार लोकतंत्र के मूल्यों के आधार पर बने संविधान के आधार पर चलती है तो पक्षपात का कोई सवाल ही नहीं उठता है। 'सबका' शब्द में सभी अल्पसंख्यक वर्ग को सम्मिलित करने का भाव है, मोदी सरकार ने अपने नए नारे के साथ ये एहसास दिलाने का प्रयास किया है कि अल्पसंख्यक समुदाय का भी विश्वास अर्जित करने के भरपूर प्रयास किए जा रहे हैं। तीन तलाक के विरुद्ध कानून लाकर अल्पसंख्यक समुदाय की महिलाओं को बहुसंख्यक समाज के महिला के बराबर बताने की कोशिश ऐसा ही प्रयास है।

भारत विविध संस्कृतियों और समुदायों का देश है, यही इसका सौन्दर्य है। एक या अधिक अल्पसंख्यकों के खिलाफ भेदभाव और जबरन आत्मसात करने से समृद्ध और ऐतिहासिक संस्कृतियों, भाषाओं और धर्मों का नुकसान हो सकता है जिन्होंने सदियों से भारत में अपनी विरासत संभाली है। विशिष्ट भारतीय समुदायों की सांस्कृतिक रूप से विविध पहचान को केवल अल्पसंख्यकों के हितों की सुरक्षा सुनिश्चित करके ही बरकरार रखा जा सकता है। भारतीय सामाजिक प्रथाओं में प्रत्येक संस्कृति और धर्म के प्रति सहिष्णु और सर्व-समावेशी रवैया शामिल है। भेदभाव, जबरन आत्मसातीकरण एवं धर्म-परिवर्तन समुदायों को खतरे में डालता है और भारतीय समाज के समग्र सार एवं उसके मूल स्वरूप को प्रभावित करता है। भेदभाव नफरत का सबसे खराब एवं वीभत्स रूप है। लोगों के एक समूह के खिलाफ उनकी भाषाई या सांस्कृतिक मान्यताओं के आधार पर हिंसक कार्रवाई करना किसी व्यक्ति के विवेक के लिए हानिकारक है।

खतरा मन्दिरों, मस्जिदों, गिरजों और गुरुद्वारों को नहीं है। खतरा हमारी संस्कृति को है, हमारी सांस्कृतिक एकता को है, जो हमारी हजारों वर्षों से सिद्ध चरित्र की प्रतीक है। जो युगों और परिवर्तनों के कई दौरों की कसौटी पर खरा उतरा है। कोई बहुसंख्यक और कोई अल्पसंख्यक है, तो इस सच्चाई को स्वीकार करके रहना, अब तक हम क्यों नहीं सीख पाए? देश में अनेक धर्म के सम्प्रदाय हैं और उनमें सभी अल्पमत में हैं। वे भी तो जी रहे हैं। उन सबको वैधानिक अधिकार हैं तो नैतिक दायित्व भी हैं। देश, सरकार संविधान से चलते हैं, आस्था से नहीं। धर्म को सम्प्रदाय से ऊपर नहीं रख सके तो धर्म का सदैव गलत अर्थ निकलता रहेगा। धर्म तो संजीवनी है, जिसे विष के रूप में प्रयोग किया जा रहा है। वोटों के लिए जिस प्रकार की धर्म की एवं अल्पसंख्यकवाद की राजनीति चलाई जा रही है और हिंसा को जिस प्रकार समाज में प्रतिष्ठापित किया जा रहा है, क्या इसको कोई थामने का प्रयास करेगा? राजनीति का व्यापार करना छोड़ दीजिए, भाईचारा अपने आप जगह बना लेगा, अल्पसंख्यक अपने आप ऊपर उठ जायेगा।

**साभार :** यह लेखक के अपने विचार हैं।

## श्री राम पूजित अक्षत कलश शोभा यात्रा



**सिवनी मालवा।** अयोध्या से आए श्री राम पूजित अक्षत कलश शोभा यात्रा रविवार के दिन ग्राम मालापाट पहुंची जहां पर समस्त ग्राम वासियों ने मिलकर भव्य शोभा यात्रा का स्वागत कर पुष्प वर्षा की गई

# छात्राओं को सिखाया, हमलावर पर कैसे करें पलटवार

## नर्मदा कॉलेज में 10 दिवसीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण जारी

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

नर्मदा कॉलेज में महिला प्रकोष्ठ ,परिवाद समिति और एनसीसी की ओर से दस दिवसीय आत्म रक्षा प्रशिक्षण में छात्राएं अपनी सुरक्षा के दांव पेच सीख रही हैं। प्राचार्य डॉ ओ एन चौबे के संरक्षण में ब्लैक बेल्ट प्रशिक्षक रवि साहू द्वारा शिविर संचालित किया जा रहा है। महिला प्रकोष्ठ प्रभारी संयोजक डॉ सविता गुप्ता ने बताया कि आत्म रक्षा का हुनर जानने वाली बेटियां किसी भी हालात से निपट सकती हैं। उनके आत्मबल को बढ़ाने और डर खत्म करने के लिए यह शिविर लगाया गया है। इसमें अब तक पांच प्रकार के एल्बो अटैक, सेल्फ डिफेंस की तकनीक बताई गई। सीक्रेट उपलब्ध हथियार जैसे हेयरक्लिप,पेन, पेंसिल, डिवाइडर, सेफ्टी पिन आदि से अपनी सुरक्षा कैसे की जाए सिखाया गया।साथ ही फ्रंट किक,बॉडी ब्लाक करके अपना बचाव कैसे करना और हमलावर की



बॉडी को कैसे ब्लाक करना है बताया गया। डॉ प्रीति आनंद उदयपुरे ने जानकारी दी कि प्रशिक्षण और अभ्यास लगभग एक से डेढ़ का हो रहा है छात्राओं की संख्या भी बढ गई है। डॉ कल्पना विश्वास,जय श्री नंदनवार,डॉ कुमुदिनी गार्गव,डॉ अंजना यादव, डॉ यास्मीन खान, रीना सक्सेना, डॉ रुपा भावसार ,डॉ शोभा बिसेन, शबनम कुरैशी , द्वारा विशेष सहयोग प्रदान किया जा रहा है।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा: संकल्प यात्रा का ग्रामीणों द्वारा उत्साहपूर्वक किया गया स्वागत

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत हितलाभ वितरण कार्यक्रम आयोजित




**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

विकसित भारत संकल्प यात्रा रविवार को जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंची। संकल्प यात्रा का ग्रामीणों द्वारा उत्साहपूर्वक स्वागत किया गया। ग्राम पंचायतों में हितलाभ वितरण कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें केंद्र और राज्य सरकार की प्रमुख योजनाओं में पात्र हितग्राहियों को हितलाभ वितरण किया गया। कार्यक्रम में कृषि, स्वास्थ्य, पेंशन, श्रम, पंचायत, राजस्व इत्यादि विभागों द्वारा योजनाओं संबंधित स्टॉल भी लगाए गए। जहां ग्रामीणों ने योजना से संबंधित जानकारी प्रदान की गई और आवेदन भी लिए गए। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना , इत्यादि विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों ने अपनी सफलता की कहानी भी बयां की। स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने विकसित भारत के संकल्प की शपथ ली।मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एसएस रावत जनपद केसला अंतर्गत ग्राम पंचायत सिलवानी में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए।

रविवार को संकल्प यात्रा जनपद सिवनीमालवा अंतर्गत ग्राम पंचायत बराखड़कला और बिल्थी पहुंची जहां एसडीएम प्रमोद गुर्जर और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में यात्रा का भव्य स्वागत किया गया और हितलाभ वितरित कार्यक्रम आयोजित किए गए। जनपद पिपरिया अंतर्गत ग्राम पंचायत हथवास और सुरेलाकला में संकल्प यात्रा पहुंची जहां ग्रामीणों द्वारा यात्रा का स्वागत किया गया। स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर विधायक पिपरिया ठाकुरदास नागवंशी , एसडीएम संतोष कुमार तिवारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

जनपद केसला अंतर्गत एसडीएम इटारसी श्रीमति नीति कोरी, उपसंचालक कृषि जे आर हेडाऊ ,जनपद सीईओ रंजीत सिंह और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में ग्राम पंचायत डांडीवाडा और सिलवानी में योजनाओं में पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया और विकसित भारत का संकल्प दिलाया गया। जनपद सोहागपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत रानी पिपरिया में संकल्प यात्रा के तहत कार्यक्रम आयोजित किए गए।

विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत आज जनपद पिपरिया की ग्राम पंचायत हथवास, सोहागपुर के रानीपिपरिया और केसला के सिलवानी में ड्रोन के माध्यम से कीटनाशक दवाइयां के छिड़काव का प्रदर्शन कर कृषकों को जानकारी दी गई।

18 दिसंबर को जनपद सिवनीमालवा अंतर्गत ग्राम पंचायत गाजनपुर और भमेड़ी, जनपद पिपरिया अंतर्गत ग्राम पंचायत जमारा और उटियाकिशोर, जनपद केसला अंतर्गत ग्राम पंचायत भरगदा और चौकीपूरा , जनपद बनखेड़ी अंतर्गत ग्राम पंचायत बाचावानी और पोंडी, जनपद माखननगर अंतर्गत ग्राम पंचायत पवारखेड़ा और सुआखेड़ी में तथा जनपद सोहागपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत ढिकवाड़ा एवं काजलखेड़ी में संकल्प यात्रा पहुंचेगी और यहां हितलाभ वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

# सुशासन और सुरक्षा विषय पर सेमिनार आयोजित, विकसित भारत में कैसी हो शासन व्यवस्था




**नर्मदापुरम।** लोक कल्याणकारी राज्य हमारी बुनियादी सुविधाओं की आपूर्ति करता है.किंतु हम नियमों का पालन नहीं करते और अधिकारों की मांग करते रहते हैं। यह बात प्राचार्य डॉक्टर ओ एन चौबे ने नर्मदा कॉलेज में विकसित भारत अभियान के अंतर्गत समाजशास्त्र विभाग द्वारा सुशासन और सुरक्षा विषय पर आयोजित कार्यशाला में स्वागत उद्बोधन के दौरान कही।कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को यह बताना था कि राज्य की व्यवस्थाओं और सामाजिक सुरक्षा बनाए रखना हमारा संवैधानिक और नैतिक कर्तव्य है । विषय विशेषज्ञ डॉ अमिता जोशी ने कहा कि अच्छी शासन व्यवस्था के लिए जनता का सहयोग आवश्यक है। उन्होंने स्वच्छ भारत अभियान, वृक्षारोपण कार्यक्रम,जल संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण जैसे विषयों पर माना कि ये तभी सफल होंगे जब लोग जागरूक रहेंगे। जबकि डॉ के जी मिश्र ने सुशासन और सुरक्षा दोनों को एक साथ जोड़ कर देखने की बात कही। इसी श्रृंखला में छात्र हेमराज परिहार ने चाणक्य के संदर्भ में सुशासन पर प्रकाश डाला। सुमित्रा अहिरवार ने लोकतंत्र में आई विसंगतियों को दूर करने की बात कही जबकि अंशुल मिश्रा ने प्राचीन भारतीय व्यवस्था को उचित ठहराया। कार्यक्रम की संयोजक डॉ हंसा व्यास, कार्यक्रम प्रभारी डॉ आलोक मित्रा, विशेष अतिथि डॉ कल्पना विश्वास ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया। प्रो जी पी रैकवार, नितिन वाघमारे, मेघा रावत, रीनू वर्मा, राकेश खापरे का विशेष सहयोग रहा। अधिक संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# 27 दिसंबर को गुजराती बाज खेड़ावाल ब्राह्मण समाज द्वारा किए जाएंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम

## सांस्कृतिक एवं साहित्यिक गतिविधियां करने को लेकर बैठक आयोजित



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

गुजराती बाज खेड़ावाल ब्राह्मण समाज नर्मदापुरम की बैठक रविवार को आयोजित हुई। बैठक में वर्ष 2023 के दिसम्बर माह की 27 तारीख को विभिन्न सांस्कृतिक और साहित्यिक गतिविधियां आयोजित करने व वर्ष 2024 के आयोजनों पर चर्चा की गई। समाज अध्यक्ष राजकुमार तिवारी ने बताया कि समाज के प्रत्येक घर से 1000 रूपये वर्ष भर में आयोजित कार्यक्रमों के लिए सहयोग राशि लेने का निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि, मकर संक्राति पर्व , बसंत पंचमी, होली मिलन, भगवान परशुराम का जन्मोत्सव, श्रावणी कर्म, शारदीय नवरात्र में गरबा का आयोजन, दीपावली मिलन समारोह व अन्य त्यौहार सामूहिक रूप से मनाया जावेगा। बैठक में समाज के ऊजावान सदस्य अभिषेक दुबे का सम्मान अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा संगठन के जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर किया गया। बैठक में समाज के वरिष्ठ सदस्य रमेशचंद्र द्विवेदी , जगदीश दुबे, ओपी तिवारी, सौरभ तिवारी, अशोक दुबे, शरद तिवारी, दिनेश तिवारी, धर्मेन्द्र दुबे, रोहित तिवारी व मातृशक्ति से सिंधु दुबे, ज्योति तिवारी आदि मौजूद रही।

# राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा 2023 की प्रारंभिक परीक्षा जिले में संपन्न

**नर्मदापुरम।** मध्यप्रदेश राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा 2023 की प्रारंभिक परीक्षा रविवार 17 दिसंबर को आयोजित की गई। नर्मदापुरम जिले में भी निर्धारित 11 केंद्रों पर दो पालियों में शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षा संपन्न हुई। कलेक्टर श्री नीरज कुमार सिंह निर्देशन में नियुक्त सभी विशेष वाहक दल एवं उड़नदस्ता दल द्वारा निर्धारित केंद्रों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। शासन द्वारा नर्मदापुरम संभाग के लिए नियुक्त सेवानिवृत्त आईएएस शिवनारायण रूपला द्वारा भी केंद्रों का निरीक्षण किया गया।संयुक्त कलेक्टर एवं नोडल श्रीमती फरहीन खान ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में परीक्षा का सफल आयोजन किया गया है। प्रथम पाली में 11 केंद्रों पर कुल दर्ज 3679 परीक्षार्थियों में से 2792 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। कुल 887 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहें। पहली पाली में परीक्षा देने वाले 2792 परीक्षार्थियों में से 2765 परीक्षार्थियों द्वारा दूसरी पाली में परीक्षा दी गई। 27 परीक्षार्थी दूसरी पाली में अनुपस्थित रहे। इस प्रकार दोनों पाली में कुल 914 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहें।

# तीन अधिकारियों को शोकॉज नोटिस जारी

**विदिशा ।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंध में सौंपे गए दायित्वों का निर्वाहन भलीभांति संपादित एव दायित्व के निर्वहन में घोर लापरवाही प्रदर्शित होने पर जिला पंचायत सीईओ एवं यात्रा के ग्रामीण जिला नोडल अधिकारी डॉ योगेश भरसट के द्वारा शोकॉज नोटिस जारी कर उन सबको 20 दिसम्बर तक समक्ष उपस्थित होकर जबाव प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया है। जिला पंचायत सीईओ डॉ योगेश भरसट के द्वारा जिन तीन अधिकारियों को कारण बताओ पत्र जारी किए गए है उनमें ग्यारसपुर जनपद पंचायत के उपयंत्री दिनेश त्यागी को ग्राम ओलिंजा में नोडल के रूप में दायित्व सौपे गए थे किन्तु उनके द्वारा आयोजन समय दोपहर दो बजे से पांच बजे तक नियत समय अवधि के पूर्व कार्यक्रम का समापन कर दिया गया जिस कारण से जनप्रतिनिधि व सम्माननीय नागरिकगण उपस्थित नहीं हो सकें के फलस्वरूप उन्हें शोकॉज नोटिस जारी किया गया है। ग्यारसपुर जनपद पंचायत के ही उपयंत्री श्री बीजी अहिरवार डे नोडल अधिकारी के द्वारा ग्राम धतूरिया में प्रातः दस बजे से कार्यक्रम प्रारंभ किया जाना था। परन्तु उक्त कृत्य सौंपे गए पदीय दायित्व के निर्वहन में घोर लापरवाही का घोतक पाए जाने पर श्री अहिरवार को भी शोकॉज नोटिस जारी किया गया है। रविवार को नटेरन जनपद पंचायत दोनो ग्राम पंचायतो में कार्यक्रम के दौरान प्रभारी कनिष्ठ आपूर्ति अधिकरी श्रीमती मिताली मेहरा अनुपस्थित रहें के आश्य की जानकारी जनपद सीईओ द्वारा अवगत कराए जाने पर श्रीमती मेहरा को शोकॉज नोटिस जारी किया गया है

**मेट्रो एंकर**

## बच्चो के साथ मिलकर एक सेतु का निर्माण कर उसके भविष्य को सवारें

# जीवा ज्योति स्कूल के बच्चों ने दिखाया हुनर हाट का जलवा

**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो**






जीवा ज्योति हायर सेकेंड्री स्कूल, बराखड़ कलॉ में हुनर हॉट का आयोजन किया गया। जिसमें नर्सरी से कक्षा बारहवीं तक के बच्चों ने विज्ञान, इतिहास, इग्लिश, हिन्दी द्वारा आज के युग में किस प्रकार शिक्षा को ग्रहण करना है कि प्रस्तुती वहीं डांस, वाद्ययत्रों से, कराटे ओर आर्ट कला से सबका मन मोह लिया। वही छोटे छोटे बच्चो के मनोरंजन हेतु बन्जी जम्पींग, फोम पूल, डीजे डांस, फूड स्टॉल, स्केरी हाउस, सेल्फी पांइट, जंगल सफारी का मजा लिया। वही अपनी सांस्कृतिक धरोहर को किस प्रकार हमने सजोया है मध्यप्रदेश एंव बिहार की झाकियों द्वारा प्रस्तुतिकरण किया गया।

स्कूल डॉयरेक्टर डॉ. प्रवीण पणिकर द्वारा बताया गया कि इस प्रकार के आयोजन का उद्देश्य बच्चों को विविध प्रकार के प्लेटफार्म उपलब्ध कराना है जहाँ बो अपने हुनर को प्रदर्शित कर व्यवहारिक उपयोग में ला सके एंव अपने कॉनफिडेंस को डेवेलप कर सके। वही स्कूल प्राचार्या श्रीमति ज्योति पणिकर द्वारा बताया गया कि स्कूल का मुख्य उद्देश्य यह होता है कि शिक्षक एंव पालक बच्चो के साथ मिलकर एक सेतु का निर्माण कर उसके भविष्य को सवारें। वर्तमान शिक्षा में जहा परसेन्टेज का महत्व नही रह गया है अपितु बच्चा अपने ज्ञान को अभिव्यक्त कर पाये एंव आने वाली चुनौतियों का सामना कर एक बेहतर भविष्य का निर्माण करता है।

स्कूल में बच्चों के हुनर के साथ साथ सभी शिक्षक एंव शिक्षीकाओं द्वारा जिस प्रकार बच्चे को भीड़ में बोलने हेतु तैयारी किया गया था उसकी भूरी भूरी प्रशंसा पालकगण एंव सभी उपस्थित गणमान नागरिको द्वारा की गई। बी. आर. सी संतोष शर्मा द्वारा अपने उदवोधन में कहा की जीवा ज्योति ना केवल सिवनी मालवा में अपितु पूरे नर्मदापुरम में अनुठे कार्यकम देता है। उन्होने बताया की जीवा ज्योति हमारी तहसील का सर्वश्रेष्ठ स्कूल है जो शिक्षा, संस्कार, अनुशासन, सास्कृतिक कार्यकम, व्यक्तिव विकास, नृत्य वादन, आर्ट कला. कराटे द्वारा बच्चों का सर्वागीण विकास करता है।



## विधायक ने विकसित संकल्प यात्रा की समीक्षा

# गर्मियों में जलसंकट की स्थिति से बचने अभी से जरूरी तैयारी के निर्देश





### देर से आने वाले सीईओ सहित अन्य अधिकारियों को बैठक से रखा वंचित

**सईद खांन, सिरोंज**

रविवार को क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की संकल्पना से विकसित भारत संकल्प यात्रा की समीक्षा बैठक ली भाई बैठक में समय पर नहीं आने वाली जनपद सीईओ वंदना शर्मा सहित अन्य विभागों के अधिकारियों को भी सुनते हुए बैठक कक्ष में प्रवेश नहीं दिया ऐसे लगभग 8 से 10 अधिकारी और कर्मचारी थे जो बैठक कक्ष के बाहर खड़े रहे। विधायक श्री शर्मा ने शासकीय लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय में प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक बंद कमरे में ली। लगभग 1 घंटे तक बंद कमरे में एसडीएम के साथ विभागों के अधिकारियों से एक-एक करके विभाग बार समीक्षा की उन्होंने बैठक खत्म होने के बाद बताया कि भारत के गौरवशाली प्रधानमंत्री तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव तथा भाजपा सरकार की मंशानुरूप एवं रीतिनीति अनुसार सौ प्रतिशत भ्रष्टाचार मुक्त र पार्दर्शी के साथ जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन करने तथा प्रस्तावित विकास एवं निर्माण कार्यों को समय सीमा में तेज गति के साथ गुणवत्ता पूर्ण कार्य करवाने के लिए दिशा निर्देश दिए हैं।

**जल संकट से निपटने समूच इंतजाम करने के दिए निर्देश** – अल्पवर्षा के कारण नगर में गर्मियों के दिनों में पेयजल संकट के हालातो को दृष्टिगत रखते हुए नपा सीएमओ रामप्रकाश साहू को नगर के जलप्रदाय संयंत्र में जल संग्रहण की क्षमता बढ़ाने और केथन बांध में बने इंटेकबेल कुएं तक पानी की एप्रोच करने के लिए तत्परतापूर्वक समुचित प्रबंध करने के निर्देश दिए। जिससे कि गर्मियों के दिनों में शहर में पेयजल की समस्या को होने वाली परेशानी को समय से पहले दूर कर ले जिससे कि ग्रीनस्कालीन समय पर पेयजल की सप्लाई निरंतर नगर वासियों को होती रहे साथ उन्होंने समय से पहले ही सभी संभावित वैकल्पिक जल स्त्रोतों को चिन्हित कर उनकी साफ सफाई कराकर उनका संरक्षण करके जरूरी तंत्र भी एकत्रित कर ले एसडीएम के नेतृत्व में पीएचई, राजस्व,सिंचाई तथा अन्य विशेषज्ञों की टीम बनाकर अप्रैल,मई, जून के ग्रीष्मकालीन समय को ध्यान रखते हुए आगामी पाँच दिवस में सम्पूर्ण कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने जल के विशेषज्ञों,जानकारों मध्यप्रदेश के नगरीय प्रशासन विभाग व अन्य संबंधित विभागों से उचित राय लेकर योजना को मूर्त रूप दिए जाने की बात कही।

### ग्रामीण नलजल संरचना की गुणवत्ता की भी जाँच

बैठक में विधायक शर्मा ने पीएचई,लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी के एसडीओ को निर्देशित करते हुए कहा कि विकासखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में जो नलजल योजनाएं पूर्ण हो चुकी है उनमें जो भी कमियां बची हुई है उनको पूर्ण करा कर उनका उपयोग ग्रामीण के हित में में प्रारंभ करवाया अथवा जो नलजल योजना अभी अपूर्ण है उनको ग्रीष्मकालीन समय तक पूर्ण किया जावे ताकि ग्रामीण क्षेत्र के नागरिको को पेयजल के लिए परेशानी न होना पड़े। गुणवत्तापूर्ण निर्माण नहीं होने की शिकायतें प्राप्त हो रहीं है वहीं विधायक ने नल जल योजना के क्रियान्वयन एवं निर्माण कार्यों में हो रही गड़बड़ियों को लेकर आम जनता के द्वारा की गई शिकायतों पर एसडीएम हर्षल चौधरी को निर्देशित करते हुए राजस्व विभाग के नेतृत्व में लोक निर्माण विभाग, पीएचई, आरईएस के सब डिवीजन की टीम बनाकर पूर्ण एवं अधूरी नलजल संरचनाओं की जाँच करवाकर गुणवत्ता को देखने की बात कही साथ ही लापरवाही बरतने वालों पर नियमानुसार कार्यवाही करवाने की बात कही साथ ही निर्माण में ढिलाई तथा गुणवत्ता के साथ काम नहीं करने वाले अधिकारियों पर नाराजगी जाहिर करते हुए खूब खरी खोटी भी सुनाई । इस दौरान एसडीम हर्षल चौधरी, पीडब्लूडी एसडीओ अरविंद पाठक,प्रभारी सीएमओ रामप्रकाश साहू, पीएचई एसडीओ जेएस सिरोही, सिंचाई विभाग एसडीओ जयेश विजयवर्गीय, तहसीलदार संजय चौरासिया आदि मौजूद थे।

### तत्काल शुरू हो निर्माण कार्य

बैठक में उन्होंने नगरीय सीमा में प्रस्तावित स्वीकृत निर्माण कार्यो में ठेकेदारों द्वारा की जा रही लेट लतीफी को आड़े हाथों हुए तत्काल तीन दिवस में चिन्हित कर अधूरे कार्यो को पूर्ण एवं जो प्रारम्भ नही हुए है उनको शुरू करवा कर गुणवत्तापूर्ण निर्माण करवाने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट रूप से निर्माण कार्यो में ढिलाई बरतने वाले व घटिया निर्माण कार्य करने वाले ठेकेदारों के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही करने तथा आवश्यकता पड़ने पर ऐसे ठेकेदारों को ब्लैकलिस्टेड करके एफआईआर करवाने की भी बात कही।



# पद लोलुपता: चुनाव हारने के बाद भी नहीं दे रहे इस्तीफा, करते है नैतिकता की बात!

**सिरोंज।** आदमी इतना स्वार्थी हो गया है कि वह केवल अपना और अपने परिवार के अलावा किसी का हित नहीं चाहता है। वह अपने अलावा किसी का भला नहीं चाहता है, पूरी तरह से स्वार्थी हो गया है। अभी हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में जहां कांग्रेस उम्मीदवारो को हार का सामना करना पड़ा। वहीं सभी पार्टियों के उम्मीदवारों ने तो अपना और अपनी पार्टी का वजूद ही खो दिया है। कुछ को छोड़कर सारे प्रत्याशियों की जमानत जप्त हो गई। शर्मनाक हार होने के बाद भी पदों से चिपके बैठे है। चुनाव के पहले और चुनाव के दौरान यह नैतिकता की बात करते रहे, पर चुनाव हारने के बाद भी अपने पदों से इस्तिफा न देना कहां की नैतिकता है। क्यों अपने पद से स्तीफा नहीं दे रहे है। कोई नहीं चाहता है कि तुम पद के लायक हो। नगर अध्यक्ष से लेकर प्रदेश अध्यक्ष को स्तीफा दे देना था। क्योंकि क्षेत्र और मप्र की जनता ने ही जब तुमको नकार दिया है। फिर भी पद से चिपके बहो। हो। पद लोलुपता के स्वार्थ में जकड़े रहने से वह अपने पद पर न चाहते हुए भी आसीन है। पद लोलुपता, इतना स्वार्थ होना बड़ी बेशर्मता को सिद्ध करता है। जबकि पद तो आते जाते होते है । कोई किसी का स्थाई पद नहीं होता है। इस पद लोपुपता के चाहने वालों ने ही पार्टी का बंटाढार कर दिया है। मप्र सभी पार्टियों में कोई अपनी विधानसभा भूमि तैयार ही नहीं करता है, पर चुनाव लड़ने हर एक तैयार रहता है। 100 से पांच सौ के बीच और 1000 के बीच या दो हजार के बीच वोट पाने के बाद शर्मसार होना स्वाभाविक है, पर यहां तो शर्म नाम की, मान मर्यादा नाम की कोई बात ही नहीं है।

# स्लाटर हाउस की जांच करने पहुंचे सीएमओ



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

शासन के द्वारा खुले में मांस बिक्री करने पर रोक लगाने की आदेश जारी की है। साथ ही बिन लाइसेंस के काम को नहीं किया जा सकता यदि इसके बगैर लाइसेंस और खुले में मांस का विक्रय करते हुए कोई भी पाया जाता है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। जिसको लेकर लगातार नगर पालिका मांस विक्रेताओं की जांच पड़ताल करके दिशा निर्देश दे रही है। इसी क्रम में रविवार को सीएमओ राम प्रकाश साहू ने नगर पालिका अमले के साथ सेलेटर हाउस का जायजा लेकर लाइसेंस की जांच पड़ताल की साथ ही उन्होंने कहा कि कोई भी लाइसेंस धारी खुले में मांस का विक्रय नहीं करेगा साफ सफाई का विशेष ध्यान रखें लापरवाही मिलने पर तत्काल कार्रवाई होगी शासन के नियम का सभी को पालन करना होगा इस दौरान बड़ी संख्या में मांस विक्रेता भी सीएमओ के पास एकत्रित हो गए थे। इस पर उन्हें सत्य लहजे में कहा कि शासन के आदेश का तो सभी को पालन करना होगा इसमें कोई कोताही ही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# जैन समाज ने राष्ट्रपति, पीएम के नाम तहसीलदार को दिया ज्ञापन, तीर्थ क्षेत्र बचाने प्रारंभ किया अभियान

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

रविवार को सकल दिगंबर जैन समाज जनों के द्वारा मुख्य बाजार से रैली निकालकर तहसील कार्यालय पहुंचकर राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को देते हुए जैन समाजजनों गुजरात के जूनागढ़ गिरनार को तीर्थ स्थल बताते हुए कहा कि यहां पर जैन समाज के मुनि ने पहाड़ी पर पूजा की थी यह हमारा तीर्थ क्षेत्र है हमें यहां पर पूजा आदि करने की अनुमति प्रदान की जाए साथ ही उन्होंने ने विस्तार से अपनी बात रखते हुए कहा के तीर्थ स्थल को बचाने के लिए जैन समाज जनों के द्वारा चरणबद्धता तरीके से आंदोलन प्रारंभ किया है। लंबे समय से जैन समाज के द्वारा जैन तीर्थ स्थलों को लेकर ज्ञापन बा रैली आदि आयोजित की जा रही है ।उसी क्रम पूरे प्रदेश में जैन समाज जनों के द्वारा तीर्थ स्थलों को बचाने के लिए ज्ञापन दिए गए हैं।इस दौरान जैन समाज अध्यक्ष जिनेन्द्र कुमार जैन , सुनील जैन नितिन कुमार, राकेश जैन ,राजकुमार बिरदीचंद जैन एवं महिला मंडल अध्यक्ष श्री मति इंद्रा विजय राज श्री मति ससी जैन श्री मति सपना जैन आदि मौजूद थी।



# वैश्य समाजजनों ने वार्षिक कैलेंडर का किया विमोचन



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

मप्र वैश्य महासम्मेलन के द्वारा एक साथ पूरे प्रदेश की विभिन्न जिलों तहसीलों में एक साथ वैश्य कलेंडर 2024 का विमोचन कार्यक्रम आयोजित हुआ । नगर में आयोजित कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष मनोज गुप्ता प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अशोक अग्रवाल जिला मीडिया प्रभारी नितेश गोयल सतखनी स्थित गिरधारी जी अग्रसेन मंदिर पधारें । जहां संस्था के आजीवन सदस्य ने उनका तिलक लगा अंग वस्त्र उढ़ाकर स्वागत किया तथा सभी ने वार्षिक कैलेंडर का विमोचन किया। जिलाध्यक्ष मनोज गुप्ता ने कहा कि हमारे वैश्य घटक टुकड़ों में बंटे है जिस दिन हम वैश्य महासम्मेलन के वैनर तलें इकट्ठे हो गए उस दिन राष्ट और मजबूत होगा। जिला मंत्री सुमंत मित्तल ने कहा कि आज कि राजनीति में संख्या के आधार पर पद दिये जा रहें हैं। यदि हमको देश सुरक्षित हाथों में देना हैं तो हम सभी वैश्य बंधु एक वैनर तलें आकर अपनी आवाज बुलंद करनी होगी। तहसील अध्यक्ष अतुल गोयल ने कहा कि वर्तमान में सनातन कि बात पुरजोर से चल रही हैं। उसकी ध्वज पताका हमारे पूर्वज अनादि काल से थामी हुई है ,हम सभी मिलकर आने वाली पीढ़ी को भी इस ओर मोढना हैं। इस अवसर पर नगर संरक्षक अरविंद जैन, तहसील प्रभारी नितिन मित्तल, विष्णु गर्ग ,कृष्ण मुरारी बंसल ,नितेश मंगल आदि मौजूद थे।

## सीएम यादव का किया स्वागत



सिरोंज। मप्र साहू समाज के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भगवानदास साहू ने मोहन यादव का स्वागत कर मुख्यमंत्री बनने की दी बधाई।

# बीएमएसडब्ल्यू के छात्रों से विधायक का संवाद, क्रिकेट पर भी आजमाया जोर

सिरोंज। विधायक उमाकांत शर्मा ने जन अभियान परिषद के द्वारा संचालित की जा रही बीएमएसडब्ल्यू की क्लास संचालित हो रही है उसमें पढ़ने वाले छात्राओं से विभिन्न विषयों को लेकर संवाद स्थापित करते हुए पुरानी बातों पर चर्चा की साथ ही नदियों को लेकर उन्होंने छात्राओं से बातचीत की इसके अलावा उन्होंने क्रिकेट के मैदान पर भी बल्ला लेकर चौके छक्के मारने का प्रयास किया बल्ले पर गेंद नहीं आने पर उन्होंने कहा कि बहुत दिनों के बाद इस ग्राउंड पर आया हूं इसलिए आंखें नहीं जम रही है फिर उन्होंने एक बोल हाथ में लेकर उस पर शॉट मार कर सभी को नमस्कार करके आगे बड़े।



**मेट्रो एंकर**

## दुकाने के आगे बनी गैलरी पर सामान रखकर अतिक्रमण कर लिया

# नगर पालिका की दुकानों के बाहर भी अतिक्रमण, अमला हुआ सक्रिय

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

इन दिनों नगर पालिका शहर पर में अतिक्रमण मुहीम चला रही है जिससे वाकई सिरोंज सुंदर और अतिक्रमण मुक्त होता दिख रहा है पर नगर पालिका से कुछ ही दूरी पर स्थित हाफिज याकूब बस स्टैण्ड पर बनी नगर पालिका की दुकानो के आगे ही दुकानदारों ने दुकाने के आगे बनी गैलरी पर सामान रखकर अतिक्रमण कर लिया जो गैलरी राहगीर एवं यात्रीयों के आने जाने एवं सामान रखकर बैठने के लिए बनाई गई थी वहा अब दुकानदारों का कब्जा है पूर्व में इन दुकानो को सामान न रखने की औपचारिकता की गई थी परंतु स्थिति जस की तस रही इसके बाद मजाल है कि जिम्मेदारो ने इस और ध्यान दिया हो।





**तहसील परिसर के बाहर कार्यवाही :** शुक्रवार को भी नगर पालिका की टीम ने लटेरी नाके एवं पालिटेक्निक कालेज के पास स्थित दुकानों पर कार्यवाही की नपा अमले को देख कई जगह अतिक्रमणधारी स्वंय अपना सामान हटाते देखे गए साथ ही तहसील परिसर के सामने स्थित रखी गुमठीयों को भी नगर पालिका ने हटवाकर वहा बने अस्थाई अतिक्रमण को जेसीबी से हटाया ।

**अतिक्रमण हटने से चौढी दिख रही सड़क:** अनुविभागीय अधिकारी हर्षल चौधरी के सिरोंज को ग्रीन एवं क्लीन बनाने के प्रयास सार्थक होता दिख रहा है अब तक नगर पालिका के अमले ने जिन स्थानों से अतिक्रमण हटाया उन जगह पर सड़क चौढी होने से आवगमन में अब परेषानी नही पुराने बस स्टैण्ड पर पोस्ट आफिस के पास सड़क अब काफी चौढ़ी हो गई तो वही

### चन्द्रमोहन के बाद हर्षल ने उठाया कदम -

गौरतलब है कि पूर्व में सिरोंज अनुविभागीय अधिकारी के रूप में पदस्थ आई ए एस चन्द्रमोहन ठाकुर ने मेरा सिरोंज अभियान चलाया था जिसमें सिरोंज को स्वच्छ सुंदर बनाने हेतु अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही सख्ती से की थी परंतु उनके जाने के बाद किसी भी अधिकारी ने इस और गंभीरता नही दिखाई परंतु अब हर्षल चौधरी के सिरोंज अनुविभागीय अधिकारी के रूप में आने के बाद पुन: नगरवासीयों को अतिक्रमण मुक्त सिरोंज की उम्मीद जाग गई ऐसे में अब नगर के मुख्य बाजार में भी इस कार्यवाही की उम्मीद लगाई जा रही है।

### इस बार सक्रिय दिखा दल -

अतिक्रमण की इस कार्यवाही में इस बार जितना नगर पालिका का अतिक्रमण दल सक्रिय दिखाई दिया उतना शायद पहले कभी नही दिखाई दिया नगर पालिका अधिकारी रामप्रका साहू, स्वास्थ्य अधिकारी धीरज मैना, अतिक्रमण प्रभारी संजीव यादव सहित नपा का अमला चौथे दिन भी सक्रिय रहा और कार्यवाही को अंजाम दिया बाहरहाल अब देखना यह है कि कि नगर पालिका शहर भर में कार्यवाही करने के साथ ही आखिर अपनी दुकानो की और कब रूख करता है।

# मुंबई इंडियंस की ब्रांड वैल्यू आईपीएल में सबसे ज्यादा 725 करोड़ रुपए

**नईदिल्ली, एजेंसी**

मुंबई इंडियंस की टीम अब तक पांच बार चैंपियन बन चुकी है। रोहित शर्मा की कप्तानी में ही टीम ने हर बार खिताब जीता है। उसने 2013, 2015, 2017, 2019 और 2020 में खिताब पर कब्जा किया था। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सीजन के लिए खिलाड़ियों की नीलामी 19 दिसंबर को होनी है। सभी 10 फ्रेंचाइजियां अपनी तैयारी को अंतिम स्वरूप देने में लगी हैं। इसी बीच मुंबई इंडियंस ने बड़ी जानकारी इंस्टाग्राम पर शेयर की। उसने ब्रांड वैल्यू के आधार पर सभी 10 टीमों की रैंकिंग के बारे में बताया। मुंबई इंडियंस की ब्रांड वैल्यू टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा करीब 725 करोड़ रुपये (87 मिलियन अमेरिकी डॉलर) है। मुंबई इंडियंस की टीम अब तक पांच बार चैंपियन बन चुकी है। रोहित शर्मा की कप्तानी में ही टीम ने हर बार खिताब जीता है। उसने 2013, 2015, 2017, 2019 और 2020 में खिताब पर कब्जा किया था। टीम पिछले तीन सीजन में अपेक्षा के अनुरुप प्रदर्शन नहीं कर पाई है। वह 2021 और 2022 में शीर्ष चार में जगह नहीं बना पाई थी। 2023 में मुंबई को प्लेऑफ में हार का सामना करना पड़ा था। मुंबई के बाद ब्रांड वैल्यू के मामले में दूसरे स्थान महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी वाली चेन्नई सुपरकिंग्स की टीम है। चेन्नई का ब्रांड वैल्यू करीब 672 करोड़ रुपये (80.6 मिलियन अमेरिकी डॉलर) है। चेन्नई की टीम भी पांच बार चैंपियन बनी है। धोनी ने 2010, 2011, 2018, 2021 और 2023 में टीम को विजेता बनाया है। पिछली बार गुजरात टाइटंस को हराकर चेन्नई ने खिताब पर कब्जा किया था। दो बार की चैंपियन कोलकाता नाइटराइडर्स की टीम की ब्रांड वैल्यू करीब 655 करोड़ रुपये (78.6 मिलियन अमेरिकी डॉलर) है। कोलकाता ने 2012 और 2014 में खिताब पर कब्जा किया था।

**टॉप में आरसीबी और गुजरात:** रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) ब्रांड वैल्यू के मामले में तीसरे स्थान पर है। आरसीबी की ब्रांड वैल्यू करीब 582 करोड़ रुपये (69.8 मिलियन अमेरिकी डॉलर) है। अब तक टीम चैंपियन नहीं बन पाई है। 2022 में अपने पहले ही सीजन में चैंपियन बनने वाली गुजरात टाइटंस की टीम पांचवें स्थान पर है। उसकी ब्रांड वैल्यू करीब 545 करोड़ रुपये (65.4 मिलियन अमेरिकी डॉलर) है। छठे स्थान पर दिल्ली कैपिटल्स, सातवें स्थान पर 2008 की चैंपियन राजस्थान रॉयल्स, आठवें स्थान पर 2016 की चैंपियन सनराइजर्स हैदराबाद, नौवें स्थान पर लखनऊ सुपर जाएंट्स और 10वें स्थान पर पंजाब किंग्स है।

### आईपीएल टीमों की ब्रांड वैल्यू

| टीम | कीमत (करोड़ में) | कीमत (डॉलर) |
|---|---|---|
| मुंबई इंडियंस | 725 | 87 |
| चेन्नई सुपरकिंग्स | 672 | 80.6 |
| कोलकाता नाइटराइडर्स | 655 | 78.6 |
| रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर | 582 | 69.8 |
| गुजरात टाइटंस | 545 | 65.4 |
| दिल्ली कैपिटल्स | 537 | 64.1 |
| राजस्थान रॉयल्स | 521 | 62.5 |
| सनराइजर्स हैदराबाद | 401 | 48.2 |

## टीम इंडिया के सिलेक्टर्स के सामने एक नई दावेदारी पेश

# अब सूर्य ही करेंगे टी20 वर्ल्ड कप में टीम इंडिया की कप्तानी!

**नईदिल्ली, एजेंसी**

साउथ अफ्रीका में टी20 सीरीज ड्रॉ कराने के बाद सूर्यकुमार यादव ने कप्तान के तौर पर टीम इंडिया के सिलेक्टर्स के सामने एक नई दावेदारी पेश की है. ऐसे में रोहित और हार्दिक का क्या होगा? यह बड़ा सवाल है। टीम इंडिया ने वनडे वर्ल्ड कप 2023 खत्म होने के तुरंत बाद 2024 में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप की तैयारी शुरू कर दी है. इस वर्ल्ड कप का आयोजन वेस्टइंडीज और अमेरिका में जून के महीने में किया जाएगा. टी20 वर्ल्ड कप से पहले भारत के पास अब सिर्फ गिनती के कुछ टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच बचे हैं, जिनमें उन्हें तैयारी पूरी करनी होगी। टीम इंडिया का टी20 सेटअप काफी अच्छा लग रहा है, लेकिन अभी तक कुछ मुख्य सवालों का जवाब नहीं मिला है, और उन्हीं में से एक सवाल है कि टी20 वर्ल्ड कप में भारत की कप्तानी कौन करेगा? टीम मैनेजमेंट में रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे सीनियर खिलाड़ियों को पिछले काफी वक्त से टी20 टीम से बाहर किया हुआ है. ऐसे में रोहित शर्मा के बारे में तो फिलहाल यह भी कहना मुश्किल है कि वह टी20 वर्ल्ड कप में बतौर खिलाड़ी भी खेलेंगे या नहीं. ऐसे में फिलहाल उन्हें कप्तानी सौंपने का तो सवाल ही पैदा नहीं होता है.

### क्या रोहित और हार्दिक की छुट्टी हो गई?

भारतीय चयनकर्ताओं ने रोहित को वनडे और हार्दिक पांड्या को टी20 टीम की कप्तानी सौंपी थी, लेकिन हार्दिक पांड्या की चोट एक बड़ी समस्या है. वनडे वर्ल्ड कप के चौथे मैच में बांग्लादेश के खिलाफ अपनी ही गेंदबाजी पर गेंद को रोकने में हार्दिक पांड्या को चोट लगी थी, और तभी से वो टीम से बाहर है. वर्ल्ड कप के बाद हार्दिक ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 सीरीज मिस की, और अब साउथ अफ्रीका दौरा भी मिस कर चुके हैं.



### मौका पाकर चमके सूर्या

हार्दिक की अनुपस्थिति में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हुई घरेलू टी20 सीरीज में सिलेक्टर्स में टी20 फॉर्मेट के नंबर-1 बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को कप्तानी सौंपी. सूर्या ने अपनी कप्तानी में ऑस्ट्रेलिया को 4-1 से टी20 सीरीज हरा दी. उसके बाद सूर्या को साउथ अफ्रीका दौरे पर भी टी20 सीरीज में कप्तानी का मौका मिला, और उन्होंने वहां भी टी20 सीरीज को 1-1 से बराबर किया. इसका मतलब सूर्या अभी तक अपनी कप्तानी में एक भी टी20 सीरीज हारी नहीं है.

### कप्तानी में भी की शानदार बल्लेबाजी

इसके अलावा कप्तानी की जिम्मेदारी संभालने के बाद सूर्या की बल्लेबाजी में कोई फर्क या दबाव नज़र नहीं आया है, बल्कि उन्होंने बतौर बल्लेबाज पहले से ज्यादा बेहतर प्रदर्शन किया है. अब भारत को अफगानिस्तान के खिलाफ 3 मैचों की घरेलू टी20 सीरीज खेलनी है. ऐसे में यह देखना काफी दिलचस्प होगा कि अफगानिस्तान के खिलाफ टीम इंडिया की कप्तानी कौन करता है. अगर सूर्या ही कप्तानी करते हैं तो क्या टी20 वर्ल्ड कप में वही टीम इंडिया का नेतृत्व करेंगे. अगर ऐसा है तो क्या सिर्फ 3 टी20 सीरीज के बाद कैरिबियन पिचों पर होने वाले वर्ल्ड कप की जिम्मेदारी सौंपना ठीक है? बहरहाल, इन सभी सवालों के जवाब तो सिर्फ टीम इंडिया के सिलेक्टर्स ही दे सकते हैं.

# भारत के 400वें इंटरनेशनल प्लेयर बने सुदर्शन, केएल राहुल ने सौंपी डेब्यू कैप

**जोहान्सबर्ग, एजेंसी**

भारत ने साउथ अफ्रीका को पहले वनडे में 8 विकेट से हरा दिया। न्यू वांडरर्स स्टेडियम में रविवार को साउथ अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग चुनी। टीम 27.3 ओवर में 116 रन बनाकर ही ऑलआउट हो गई। 117 रन का टारगेट भारत ने 16.4 ओवर में हासिल कर लिया। भारत के डेब्यूटांट सुदर्शन ने सबसे ज्यादा 55 रन बनाए। उन्हें भारत के मौजूदा कप्तान केएल राहुल ने डेब्यू कैप सौंपी। सुदर्शन ने श्रेयस अय्यर के साथ 88 रन की पार्टनरशिप भी की। बैटिंग के दौरान श्रेयस का बल्ला हाथ से फिसल गया। रासी वान डर डसन ने उन्हें बल्ला लौटाया। ऋतुराज ने पहली पारी में आसान सा कैच छोड़ दिया। 9वें ओवर की तीसरी बॉल आवेश ने ऑफ स्टंप के बाहर शॉर्ट ऑफ गुड लेंथ फेंकी।



### सुदर्शन भारत के लिए वनडे डेब्यू करने वाले 253वें खिलाड़ी

भारत के बल्लेबाज साई सुदर्शन ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ पहले वनडे में टीम इंडिया के लिए डेब्यू किया। सुदर्शन भारत के लिए वनडे डेब्यू करने वाले 253वें खिलाड़ी बने। भारत के मौजूदा वनडे कप्तान केएल राहुल ने उन्हें डेब्यू कैप दी। सुदर्शन ने अपने डेब्यू वनडे में भारत के लिए 43 बॉल में 53 रन की नाबाद अर्धशतकीय पारी खेली। तीनों फॉर्मेट मिलाकर सुदर्शन भारत के 400वें इंटरनेशनल खिलाड़ी भी बने।

## साउथ अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट नहीं खेलेंगे ईशान, केएस भरत शामिल

**नईदिल्ली, एजेंसी**

ईशान की जगह अब केएस भरत स्क्वॉड का हिस्सा होंगे। स्क्वॉड में भरत के अलावा केएल राहुल दूसरे विकेटकीपर हैं। ईशान से पहले तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी इंजरी के कारण टेस्ट सीरीज से बाहर हो गए थे। ईशान किशन साउथ अफ्रीका में टी-20 स्क्वॉड का हिस्सा थे। 3 मैचों की सीरीज 1-1 से ड्रॉ रही थी, एक मुकाबला बेनतीजा था। हालांकि किशन को एक भी टी-20 खेलने का मौका नहीं मिला। वह वनडे स्क्वॉड का हिस्सा नहीं है, और टेस्ट सीरीज 26 दिसंबर से शुरू होने जा रही है। इसलिए ईशान जल्द ही साउथ अफ्रीका से भारत के लिए रवाना हो जाएंगे।

**वेस्टइंडीज में डेब्यू कर चुके हैं ईशान:** ईशान किशन ने इसी साल जुलाई में वेस्टइंडीज में टेस्ट डेब्यू किया था। उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ 2 टेस्ट में एक फिफ्टी समेत कुल 78 रन बनाए थे। केएल राहुल टेस्ट स्क्वॉड का हिस्सा हैं, ऐसे में उन्हें मौका मिलना मुश्किल था। टेस्ट के अलावा ईशान भारत के लिए 27 वनडे और 32 टी-20 भी खेल चुके हैं।

**शमी फिटनेस टेस्ट क्लियर नहीं कर पाने के कारण बाहर हुए:** वनडे वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा 24 विकेट लेने वाले मोहम्मद शमी भी टेस्ट सीरीज से बाहर हो चुके हैं। उन्हें एंकल इंजरी है और वर्ल्ड कप के बाद से ही उनका इलाज जारी है। टेस्ट सीरीज के लिए स्क्वॉड के सभी खिलाड़ी 15 दिसंबर को साउथ अफ्रीका पहुंचे, इनमें शमी शामिल नहीं थे। वह फिटनेस टेस्ट पार नहीं कर सके, इसलिए उन्हें स्क्वॉड से बाहर कर दिया गया है। शमी की गैरमौजूदगी में प्रसिद्ध कृष्णा को टेस्ट डेब्यू का मौका मिल सकता है।

## ऑस्ट्रेलिया की सीरीज में 1-0 से बढ़त

**पर्थ, एजेंसी**

पर्थ में खेले जा रहे पहले टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान को 360 रनों से हरा दिया। इसके साथ ही तीन टेस्ट मैचों की सीरीज में ऑस्ट्रेलिया ने 1-0 की बढ़त बना ली है। ऑस्ट्रेलिया ने चौथे दिन 84/2 से आगे खेलते हुए 233/5 के स्कोर पर अपनी दूसर पारी घोषित कर दी। पाकिस्तान को 449 रन का टारगेट मिला लेकिन टीम 89 रन ही बना सकी। ऑस्ट्रेलिया से दूसरी पारी में मिचेल स्टार्क और जोश हेजलवुड ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 3-3 विकेट लिए। नाथन ने 2 विकेट लेकर टेस्ट करियर में अपने 500 विकेट पूरे किए। वहीं एक विकेट कप्तान पैट को भी मिला। पहली पारी में ऑस्ट्रेलिया ने 487 और पाकिस्तान ने 271 रन बनाए थे। तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक दूसरी पारी में 84/2 बनाने वाली ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे दिन 3 विकेट खोकर 149 रन बनाए।



## मेट्रो बाजार

# विकास दर 6 फीसदी से अधिक नहीं तो भारत निम्न मध्यम अर्थव्यवस्था बना रहेगा: राजन

**नईदिल्ली, एजेंसी**

आरबीआई के पूर्व प्रमुख ने कहा कि कुछ दक्षिणी राज्य जनसंख्या के मामले में प्रजनन दर से नीचे है। प्रजनन दर नीचे गिरने से विकास धीमा हो गया है। राजन के अनुसार विकास की वर्तमान गति देश को बूढ़ा होने से पहले अमीर बनाने के लिए अपर्याप्त है। रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने कहा कि अगर विकास दर 6 प्रतिशत से अधिक नहीं हुई तो भारत 2047 (अमृत काल) तक निम्न मध्यम अर्थव्यवस्था ही बना रहेगा। हैदराबाद में आयोजित मंथन कार्यक्रम में राजन ने कहा कि अगर देश तेजी से विकास नहीं करता है, तो वह अमीर होने से पहले बूढ़ा हो जाएगा। इसका मतलब है कि उस समय बढ़ती उम्र वाली आबादी के बोझ से भी उसे निपटना होगा। कुछ दक्षिणी राज्य जनसंख्या के मामले में प्रजनन दर से नीचे है। प्रजनन दर नीचे गिरने से विकास धीमा हो गया है। राजन के अनुसार विकास की वर्तमान गति देश को बूढ़ा होने से पहले अमीर बनाने के लिए अपर्याप्त है। साथ ही उन सभी को रोजगार देने के लिए भी पर्याप्त नहीं है, जो श्रम बल के रूप में तैयार हो रहे हैं।



रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने हाल ही में जारी चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में तेज वृद्धि का श्रेय बुनियादी ढांचा पर खर्च व दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के अच्छे प्रदर्शन को दिया है। राजन ने पिछले दिनों कहा था कि भारत की वृद्धि दर मजबूत होने के बावजूद निजी निवेश और निजी उपभोग में तेजी नहीं आई है। उन्होंने कहा था कि अगर आप देखो कि हमने इस साल इतना अच्छा प्रदर्शन क्यों किया तो इसका एक कारण यह भी है कि दुनिया अच्छा कर रही है।

## वनप्लस 12 व वनप्लस 12 आर जनवरी में होगा लॉन्च

**मुंबई, एजेंसी।** टेक कंपनी वनप्लस 23 जनवरी को ग्लोबल मार्केट के साथ भारत में वनप्लस 12 और वनप्लस 12 स्मार्टफोन लॉन्च करेगी। कंपनी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म व ऑफिशियल वेबसाइट पर फोन को टीज करते हुए लॉन्च डेट की जानकारी दी है। कंपनी ने कंफर्म किया है कि वनप्लस 12 में परफॉर्मेंस के लिए क्वालकॉम 8 जेन 3 प्रोसेसर दिया गया है। साथ ही फोन में वायरलेस चार्जिंग का सपोर्ट मिलेगा। इसके अलावा वनप्लस ने अभी फोन के अन्य स्पेसिफिकेशन के बारे में कोई भी जानकारी नहीं दी है। हालांकि, मीडिया रिपोर्ट में इसके बारे में पहले ही जानकारी सामने आ चुकी है। आइए इन्ही रिपोर्ट के अनुसार एक्सपेक्टेड स्पेसिफिकेशन के बारे में जानते हैं। वनप्लस 12 लॉन्च ईवेंट 23 जनवरी की शाम 7 बजकर 30 मिनट पर शुरू होगा। कंपनी वनप्लस 12 में 6.82 इंच की एमोलेड डिस्प्ले दे सकती है, जिसमें 1440 पिक्सल का रेजोल्यूशन मिलेगा। जबकि, वनप्लस में 1200 2712 पिक्सल रेजोल्यूशन वाला 6.74 इंच का ओलेड डिस्प्ले मिल सकता है।



**मनोरंजन** | **बॉलीवुड का कोना**

# 'हीरो' के लिए सुभाष घई की पहली पसंद नहीं थे जैकी श्रॉफ

मशहूर फिल्ममेकर सुभाष घई की फिल्म 'हीरो' साल 1983 में रिलीज हुई थी. इससे जैकी श्रॉफ को लॉन्च किया गया था, लेकिन वह इस मूवी के लिए पहली पसंद बिल्कुल भी नहीं थे. बॉलीवुड के दिग्गज एक्टर जैकी श्रॉफ एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में 40 साल पूरे कर चुके हैं. उन्होंने साल 1982 में फिल्म 'स्वीमा दादा' से बॉलीवुड में एंट्री मारी थी, लेकिन उनका रोल बहुत छोटा था. इससे उन्हें कोई पॉपुलैरिटी मिली. इसके बाद जैकी श्रॉफ के हाथ एक ऐसी फिल्म लगी, जिसने उन्हें रातोंरात सुपरस्टार बना दिया था. उस मूवी का नाम है हीरो. हालांकि, इसके लिए जैकी श्रॉफ मेकर्स की पहली पसंद नहीं थे.



### ये एक्टर था सुभाष घई की पहली पसंद

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्ममेकर सुभाष घई ने संजय दत्त को 2 फिल्मों के लिए साइन किया था. पहली 'विधाता' और दूसरी 'हीरो'. 'विधाता' की मेकिंग के दौरान संजय दत्त के खराब व्यवहार से सुभाष परेशान हो गए थे. उस वक्त एक्टर ड्रग्स लेने के आदी थे. उनके अनप्रोफेशनल बर्ताव से सुभाष घई बहुत ज्यादा गुस्सा हो गए थे. इसके बाद उन्होंने फैसला कर लिया था कि वह संजय दत्त के साथ फिल्म 'हीरो' नहीं बनाएंगे.


### कमल हासन ने रिजेक्ट कर दी थी फिल्म

सुभाष घई ने संजय दत्त को फिल्म हीरो से निकाल दिया था. उन्होंने कमल हासन को फिल्म के लिए अप्रोच किया. वह एक दूजे के लिए, सनम तेरी कसम जैसी फिल्मों से मशहूर हो चुके थे और साउथ इंडस्ट्री में भी उन्हें खूब पॉपुलैरिटी मिल रही थी लेकिन कमल हासन ने डेट्स इश्यू की वजह से सुभाष घई की 'हीरो' का ऑफर एक्सेप्ट नहीं किया था. कमल हासन के बाद सुभाष घई ने कुमार गौरव को फिल्म ऑफर की लेकिन उनके पिता ने बड़ी फीस की डिमांड की कर दी और इस तरह बात नहीं बन पाई. बैक-टू-बैक रिजेक्शन के बाद सुभाष घई ने तय किया कि वह किसी नए चेहरे को लॉन्च करेंगे और इस तरह जैकी श्रॉफ को 'हीरो' फिल्म मिल गई. साल 1983 में रिलीज हुई ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बड़ी सफल साबित हुई थी.

# आस्क मी सेशन: आलिया भट्ट ने बेटी राहा के रखे हैं कई निकनेम



अभिनेत्री आलिया भट्ट इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'जिगरा' को लेकर लगातार सुर्खियों में छाई हुई हैं। अभिनेत्री सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं और अपने फैंस से जुड़े रहने का कोई मौका नहीं छोड़ती हैं। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर 'आस्क मी' सेशन का आयोजन किया, जिसमें फैंस ने उनकी बेटी राहा और त्वचा की देखभाल जैसी मजेदार चीजों के बारे में सवाल पूछे। प्रशंसक आलिया की नन्ही राहा के बारे में अधिक जानने के लिए उत्सुक थे। एक यूजर ने उनकी बेटी के उपनामों के बारे में पूछा? आलिया ने राहा के उपनाम बताते हुए कहा, मैं राहा को राहु, रारा और लॉलीपॉप कहकर बुलाती हु। एक प्रशंसक ने पूछा, क्या आप अभी भी राहा से अलग होने की चिंता महसूस करती हैं? अभिनेत्री ने जवाब दिया, मेरे लिए राहा को छोड़ना कभी आसान नहीं होता। जब मैं बाहर होती हूं, तो मुझे ज्यादा चिंता करने की जरूरत नहीं होती है, क्योंकि मुझे पता है कि राहा अपने परिवार के साथ सुरक्षित है। चिंता से निपटने के बारे में पूछने पर आलिया ने कहा, हम सभी के साथ कुछ ऐसी चीजें होती हैं, जो हमारी चिंता को बढ़ा देती हैं। मैं खुद भी ऐसी स्थिति में फंस जाती हूं, जिस पर मेरा कोई नियंत्रण नहीं होता है। उस स्थिति को समझने में काफी समय लग जाता है। मैं ऐसी स्थिति में उस व्यक्ति से बात करती हूं, जिस पर सबसे ज्यादा भरोसा करती हूं।



# जॉन अब्राहम ने फिल्म इंडस्ट्री में सफलता के लिए लंबा संघर्ष किया

बॉलीवुड एक्टर जॉन अब्राहम 51 साल के हो गए हैं। जॉन के लिए 2023 काफी अच्छा रहा है। फिल्म 'पठान' में जिम के निगेटिव रोल में उन्हें काफी पसंद किया गया। फिल्म ने तकरीबन 1050 करोड़ का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन किया था। इस फिल्म ने जॉन को बॉलीवुड के सबसे बड़े एक्शन स्टार्स में से एक बना दिया है। वैसे, जॉन ने फिल्म इंडस्ट्री में सफलता के लिए लंबा संघर्ष किया है। वो एक आउटसाइडर थे। शुरुआत मॉडलिंग से की और फिर एक्टिंग की तरफ कदम बढ़ाया, लेकिन इसमें उन्हें लंबे समय तक क्रिटिसिज्म झेलना पड़ा। लोगों ने कहा-तुमसे एक्टिंग नहीं होगी। इसके बाद भी जॉन ने हार नहीं मानी और बॉलीवुड में एक्शन स्टार और सफल प्रोड्यूसर के तौर पर अपनी जगह बना ली। 20 साल के फिल्मी करियर में जॉन ने चार फिल्मफेयर अवॉर्ड अपने नाम किए हैं। उनकी प्रोड्यूस की गई फिल्म 'विक्की डोनर' ने एक नेशनल अवॉर्ड भी जीता है। इनकम और पॉपुलैरिटी के दम पर जॉन 2017 में फोर्ब्स इंडिया की टॉप 100 सेलिब्रिटी लिस्ट में जगह बना चुके हैं। जॉन मिक्स्ड फैमिली से ताल्लुक रखते हैं। उनके पिता अब्राहम जॉन केरल के एक मलयाली सीरियन ईसाई हैं और उनकी मां ईरानी हैं जो गुजरात से हैं।

## जहरीला पदार्थ पीने से युवक की मौत

भोपाल, दोपहर मेट्रो

कमला नगर इलाके में जहरीला पदार्थ पीने से एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक अशोक यादव (38) अम्बेडकर नगर में रहता था। रविवार दोपहर को अचानक उसकी तबीयत बिगड़ी और वह उल्टियां करने लगा। उसे तुरंत ही इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम के लिए भेज दिया है। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि अशोक ने एसिज पीया था। हालांकि पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद ही पता चल पाएगा कि किन कारणों से उसकी मौत हुई।

## प्लेबैक सिंगर देसी डुओ बैंड पर झूमे लोग



भोपाल, दोपहर मेट्रो। भेल दशहरा मैदान पर चल रहे भोजपाल महोत्सव मेला के सांस्कृतिक मंच पर रविवार को प्लेबैक सिंगर देसी डुओ बैंड की बॉलीवुड नाइट में प्रकृति गिरी और ऋत्विजा ने अपनी सुमधुर आवाज का जादू बिखेरा। प्रकृति गिरी और ऋत्विजा ने रावता सांग्स से शुरुआत कर मेरा नाम चुन चुन चुन, मैं तेन्यू समझावा वे, जानम समझा करो, सतरंगा सांग सतरंगा, डांसिंग नम्बर, बॉलीवुड सांग्स और पंजाबी सांग्स की प्रस्तुति दी। यह दोनों कलाकार मुंबई से देसी डुओ बैंड के साथ प्रस्तुति देने भोपाल आई थीं।

## हनुमान मंदिर का ताला तोड़कर बदमाश छत्र, समेत पचास हजार की मूर्ति चुराकर ले गए

भोपाल, दोपहर मेट्रो

गांधी नगर थाना क्षेत्र स्थित लाउखेड़ी में हनुमान मंदिर का ताला तोड़कर बदमाश, मूर्ती और छत्र समेत पचास हजार रुपए का सामान चुराकर ले गए। घटना गत 12 दिसंबर की रात की है। समिति के लोग अपने स्तर पर चोरों की तलाश करते रहे, जब चोरों का सुराग नहीं लगा तो पुलिस को शिकायत की गई। रविवार रात पुलिस ने नकबजनी का मामला दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि लाउखेड़ी निवासी हरिनारायण मीणा, शासकीय नौकरी करते हैं और खेड़ापति मंदिर लाउखेड़ी में साफ सफाई समेत पूजा पाठ करते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि गत 12 दिसंबर की रात अज्ञात बदमाशों ने मंदिर के मुख्य शटर का ताला तोड़ा लिया। इसके बाद अंदर घुसे और अंदर वाले शटर को रॉड अथवा सब्बल से उठाकर अंदर घुस गए। बदमाश मंदिर से मूर्ती और छत्र समेत पचास हजार रुपए का सामान चुराकर ले गए हैं।

### हादसे के समय स्कूटर चला रही थी बीएसएफ जवान की पत्नी, चालक पर मामला दर्ज

# हादसे में ट्राले के साथ करीब बीस मीटर तक घिसटी थी महिला, मौत

भोपाल, दोपहर मेट्रो

**कटारा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित रापड़िया जोड़ के पास कल रविवार दोपहर तेज रफ्तार ट्राले ने स्कूटर सवार दंपती को टक्कर मार दी। इस हादसे में स्कूटर सवार बीएसएफ जवान घायल हो गया, जबकि उनकी पत्नी की मौत हो गई। पुलिस की जांच में यह बात सामने आई कि हादसे के समय स्कूटर बीएसएफ जवान की पत्नी चला रही थी, जबकि वह पीछे बैठे हुए थे। हादसे में उन्हें भी चोट आई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है। आज पीएम के बाद परिजन को शव सौंपा गया। पुलिस ने ट्राला जब्त कर आरोपी चालक की तलाश शुरू कर दी है।**

पुलिस के अनुसार रूपा देवी पति रंजीत कुमार राव (37) मकान नंबर, 26, फेस थ्री, छत्रसाल नगर, अयोध्या नगर में रहती थी। वह गृहणी थी, जबकि पति रंजीत कुमार राव बीएसएफ में जवान हैं। उनकी पोस्टिंग दिल्ली के टिगरी कैंप में है। रंजीत कुमार कुछ दिन पहले ही छुट्टी पर आए हुए हैं। रविवार को वह पत्नी रूपा देवी के साथ भोजपुर मंदिर घूमने जा रहे थे। उनके जीजा का परिवार कार में आगे था, जकि रूपादेवी के साथ वह स्कूटर से जा रहे थे।



फाइल फोटो

### रापड़िया तिराहा पर हुआ हादसा

रंजीत कुमार ने बताया कि रूपादेवी ने रापडिया तिराहा से बंगरसिया तरफ मुड़ने लगी थी। मुड़ते ही सामने से आ रहे ट्राले के चालक ने स्कूटर में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से रूपा देवी ट्राले के नीचे आ गई और घिसटते हुए चली गई। हादसे में टक्कर लगने के बाद रंजीत सिंह दूर जा गिरे थे। घटना के समय आगे चल रहे रंजीत के जीजा सतीष कुमार अपनी फैमिली के साथ कार से तत्काल लौटे और रूपा को लेकर निजी अस्पताल पहुंचे थे। वहां डॉक्टर ने प्राथमिक जांच में ही रूपा को मृत घोषित कर दिया।

## कारोबारी परिवार पर हमला करने वाले बदमाश जेल गए, चौथा आरोपी हिरासत में

**भोपाल।** बैरसिया इलाके में विदिशा के कारोबारी परिवार के साथ मारपीट, अड़ीबाजी, छेड़छाड़ और स्कार्पियो में तोड़फोड़ करने वाले तीनों बदमाश को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है। घटना के बाद से फरार चल रहे चौथे आरोपी को भी पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। घटना के वीडियो और फुटेज देखने तथा आसपास के लोगों से पूछताछ कर वारदात में शामिल अन्य आरोपियों का पता लगाया जा रहा है।

पुलिस के मुताबिक विदिशा निवासी 21 वर्षीय युवती शनिवार को अपने परिवार के साथ कुलदेवी के मंदिर दर्शन करने तरावली बैरसिया जा रही थी। रास्ते में बाइक और अल्टो सवार कुछ लोगों ने उनकी गाड़ी का पीछा करना शुरू कर दिया। शमशाबाद चौराहे के पास सामने से आए मैजिक वाहन ने उनकी स्कार्पियो को रोक लिया। मैजिक से उतरे लड़कों ने युवती के पिता पर बाइक को कट मारने का आरोप लगाते हुए दस हजार रुपये की मांग करने लगे। पिता ने जब किसी को कट मारने से इंकार किया तो बदमाशों ने युवती को स्कार्पियो से बाहर खींच लिया और उसके साथ अश्लील हरकत करने लगे। युवती के माता-पिता और भाई ने जब उसे बचाने का प्रयास किया तो बदमाशों ने लाठी-डंडों से सभी के साथ मारपीट की और स्कार्पियो में तोड़फोड़ कर दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने तीन बदमाशों धर्मेंद्र ठाकुर, दीपक ठाकुर और राजा ठाकुर को गिरफ्तार कर लिया था, जबकि एक आरोपी रवि ठाकुर मौके से भाग निकला था। रविवार को तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है। इधर देर शाम फरार आरोपी रवि को भी हिरासत में ले लिया गया।

## घर के पास बेहोश मिले युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**भोपाल।** बिलखिरिया थाना क्षेत्र स्थित कान्हासइया में बीती रात एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसे उसका भाई बेहोशी की हालत में घर के सामने उठाकर अस्पताल ले गया था। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है। आज पीएम के बाद परिजन को शव सौंपा जाएगा।

पुलिस के अनुसार लखन सिंह ठाकुर पिता गंगाराम ठाकुर (35) कान्हासईया बिलखिरिया में रहता था। वह खेती किसानी के साथ प्राइवेट काम करता था। कल रात करीब साढ़े 11 बजे वह घर के सामने खड़ा था। कुछ देर बाद भाई की नजर पड़ी तो वह बेहोश हो गया था। बेहोशी की हालत में भाई उसे अस्पताल लेकर पहुंचा, वहां डॉक्टर ने प्राथमिक जांच में ही उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस का कहना है कि शरीर पर चोट के निशान नहीं मिले हैं। अनुमान है कि उसे हार्ट अटैक आया है।

## काम से घर लौट रहे बाइक सवार भाइयों को ट्रक ने मारी टक्कर

भोपाल, दोपहर मेट्रो

बिलखिरिया इलाके में शनिवार रात एक तेज रफ्तार ट्रक ने आगे जा रही बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार दो भाई घायल हो गए। बाइक चला रहे बड़े भाई को गंभीर चोट आई है। हादसे के समय दोनों काम से घर लौट रहे थे। पुलिस ने टक्कर मारने वाले ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक माखन भाट (35) पीरिया मोहल्ला बिलखिरिया में रहता है और मजदूरी करता है। उसका बड़ा भाई सुंदरलाल भाट (45) भी मजदूरी करता है। शनिवार रात दोनों भाई कोकता ट्रांसपोर्ट नगर में काम करने के बाद अपने घर लौट रहे थे। रात करीब साढ़े आठ बजे वह कोकता चौराहे पर पहुंचे, तभी कोकता से मिसरोद की तरफ जा रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। इस हादसे में माखन को कम चोट आई, जबकि सुंदरलाल के सिर, हाथ-पैर और सीने में गंभीर चोट आई है।

उन्हें इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने टक्कर मारने वाले ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।




### सड़क पार कर रही मां बेटी को बाइक सवार ने मारी टक्कर

**भोपाल।** मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित होशंगाबाद रोड पर कल रात करीब 9 बजे तेज रफ्तार बाइक चालक ने सड़क पार कर रही मां बेटी को टक्कर मार दी। इस हादसे में मां बेटी को गंभीर चोट आई है। चलती बाइक से गिरने के कारण बाइक सवार भी घायल हुए है। पुलिस ने आरोपी बाइक चालक पर मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार लव कटारे पिता सीताचरण कटारे (46) एचआईजी 62, श्री कृष्णपुरम मिसरोद में रहते है। उन्होने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि रविवार रात करीब 9 बजे भोपाल से मेला देखकर वे अपनी पत्नी अर्चना और बेटी मोनालिका के साथ सिटी बस से राधापुरम बस स्टाप पर उतरे थे। वे आगे चल रहे थे, जबकि उनकी पत्नी अर्चना और बेटी मोनालिका पीछे चल रहे थे। पत्नी और बेटी होशंगाबाद रोड पार कर रही?थी, तभी मंडीदीप की तरफ से आ रही बाइक के चालक तेजी एवं लापरवाही से पत्नी और बेटी को सामने से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि मेरी पत्नी और बेटी दोनो सड़क पर गिर गए। साथ ही बाइक वाले भी गिर गए थे। टक्कर लगने से पत्नी को पैर हाथ व सिर और उनकी बेटी को सिर और नाक में गंभीर चोट आई है। वे दोनों को निरामय अस्पताल लेकर पहुंचे थे, वहां उनका इलाज चल रहा है।

## अज्ञात बाइक की टक्कर से मोटर साइकिल सवार दो युवक गंभीर घायल

भोपाल, दोपहर मेट्रो

ईंटखेड़ी इलाके में एक तेज रफ्तार बाइक चालक ने सामने से आ रही मोटर सायकिल को टक्कर मार दी और भाग निकला। टक्कर लगने से मोटर सायकिल सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने घायल युवक की रिपोर्ट पर टक्कर मारने वाले अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक आजाद खान (29) ग्राम बेरखेड़ी कला थाना गुनगा में रहता है और ड्रायवरी करता है। शुक्रवार को वह अपने रिश्तेदार इस्तियाक खान के साथ गाड़ी भरने के लिए ट्रांसपोर्ट नगर गया था। रात को काम खत्म होने के बाद दोनों लोग बाइक से घर लौट रहे थे। बाइक इस्तियाक चला रहे थे। रात करीब साढ़े सात बजे दोनों जैसे ही निपानिया जाट के आगे पेट्रोल पंप के पास पहुंचे, तभी सामने से आ रही एक तेज रफ्तार बाइक के चालक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी और वहां से भाग निकला। इस हादसे में इस्तियाक सिर और चेहरा समेत शरीर में गंभीर चोट आई, जबकि आजाद के हाथ-पैर और कंधे में चोट लगी। हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे परिजनों ने दोनों को इलाज के लिए निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

## ऑटो की टक्कर से बाइक सवार प्रापर्टी डीलर घायल

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** अवधपुरी इलाके आटो की टक्कर से बाइक सवार प्रापर्टी डीलर घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के मुताबिक संतोष यादव (33) रचना विहार अवधपुरी में रहते हैं और प्रापर्टी डीलिंग का काम करते हैं। शुक्रवार की शाम को वह अपने साईट आफिस से घर लौट रहे थे। शाम करीब साढ़े छह बजे संतोष बीडीए रोड स्थित हनुमान मंदिर के पास पहुंचे, तभी सामने से आ रहे तेज रफ्तार आटो चालक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उसके साथ काम करने वाले एक साथी ने उन्हें इलाज के लिए पिपलानी स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल से मिली सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने टक्कर मारने वाले आटो चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## सड़क क्रास कर रहे युवक को बाइक ने मारी टक्कर

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** कोहेफिजा में सड़क क्रास कर रहे एक युवक को बाइक ने टक्कर मारकर घायल कर दिया। पुलिस के मुताबिक मंगलवारा निवासी रोहित प्रजापति प्रायवेट काम करते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि बड़े भाई धीरज प्रजापति (40) शुक्रवार रात एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए लालघाटी स्थित सुंदरवन गार्डन पहुंचे थे। रात करीब डेढ़ बजे धीरज गार्डन के सामने सड़क क्रास कर रहे थे, तभी तेज रफ्तार मोटर सायकिल के चालक ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते मौके पर पहुंचे रोहित ने घायल भाई को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया और थाने जाकर टक्कर मारने वाले बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज करवाया।




**मेट्रो एंकर** फोटो एडिट कर सोशल मीडिया पर अपलोड की धमकी

# छात्रा को परेशान कर रहे सहपाठी पर FIR

भोपाल, दोपहर मेट्रो

कोलार पुलिस ने दसवीं कक्षा की छात्रा की शिकायत पर साथ पढ़ने वाले छात्र पर छेड़छाड़ और पाक्सो एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। छात्रा का आरोप है कि सहपाठी करीब पांच महीने से उसका पीछा कर परेशान कर रहा है। वह कह रहा है कि तुम्हारी फोटो एडिट कर सोशल मीडिया पर वायरल कर बदनाम कर दूंगा। आरोपी ने एक फोटो एडिट कर उसके किसी दोस्त को भी भेजी थी। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



फाइल फोटो

पुलिस ने बताया कि 15 साल की नाबालिग इलाके में रहती है। वह दसवीं कक्षा में पढ़ती है। उसके साथ रमीज खान पढ़ता है। रमीज खान उसे करीब पांच महीने से परेशान कर रहा था। वह स्कूल और कोचिंग जाते समय उसका पीछा करता था। गत दिनों उसने छात्रा की कोई फोटो एडिट कर अपने दोस्त को भेजी थी। जिसे फोटो भेजी गई?थी। वह छात्रा का भी दोस्त था। छात्रा को उसने फोटो दिखाई तो छात्रा ने घटना की जानकारी परिजन को दी। परिजन थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई।

### लालबस की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

**भोपाल।** एमपी नगर इलाके में लालबस की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल हो गया। पुलिस के मुताबिक यूनुस खान (42) बुधवारा तलैया में रहता है और ट्रैवल्स की यात्रीबस में कंडक्टरी करता है। शनिवार दोपहर करीब साढ़े तीन बजे वह एमपी नगर से बुधवारा लौट रहा था। रोटरी चौराहे पर पीछे से आ रही लालबस के चालक ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे यूनुस बाइक समेत सड़क पर गिरकर घायल हो गया। हाथ-पैर में चोट लगने के साथ ही उसकी बाइक में काफी नुकसान हुआ है। पुलिस ने घायल का इलाज करवाने के बाद टक्कर मारने वाले बस चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022